सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है...

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 258-● जबलपुर ● गुरुवार, 21 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

# 100 करोड़ लोग भारत में वैक्सीनेटेड

## कोरोना से जंग में देश ने बनाया दुनिया में रिकार्ड, विश्व कर रहा तारीफ



**नई दिल्ली ।** कोरोना महामारी के खिलाफ दुनिया की सबसे बड़ी लड़ाई भारत में लड़ी जा रही है। इस लड़ाई में 21 अक्टूबर 2021, गुरुवार का दिन बहुत अहम रहा। आज भारत में कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे कर लिए गए हैं। करीब 9.45 बजे 100 करोडं वां डोज लगाया गया। पूरे देश में इसका जश्न मनाया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों, मेट्रो स्टेशनों और एयरपोर्ट पर इसका ऐलान किया गया। ट्रेनें ने हॉर्न बजाकर इसका स्वागत किया। एतिहासिक लाल किले पर सबसे बड़ा तिरंगा झंडा प्रदर्शित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे और करीब 20 मिनट तक स्वास्थ्यकर्मियों से मिले। भाजपा ने भी इस अवसर पर देशभर में जश्न मनाने की तैयार की है। इस बीच, यूनीसेफ ने भारत की इस उपलब्धि की तारीख की है। यूनीसेफ की ओर से जारी बयान में कहा गया, यूनिसेफ इंडिया कोविड-19 टीकों की 1 बिलियन खुराक तक पहुंचने पर भारत सरकार को बधाई देता है। हम टीकाकरण में तेजी लाने के लिए हाल के महीनों में भारत द्वारा की गई प्रगति का स्वागत करते हैं। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में एक साल से भी कम समय में 1 बिलियन खुराक देने की तार्किक जटिलता को देखते हुए यह एक जबरदस्त उपलब्धि है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया इस अवसर पर लाल किले में गायक कैलाश खेर के एक गीत और एक ऑडियो-विजुअल फिल्म का शुभारंभ करेंगे। साथ ही प्रतिष्ठित लाल किले पर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा जिसका वजन लगभग 1,400 किलोग्राम है। इसके अलावा देश में मौजूद विश्व प्रसिद्ध स्मारकों पर तिरंगे के रूप में रोशनी की जाएगी। इस बीच, मनसुख मंडाविया ने बुधवार रात अपने ट्वीट में लिखा, देश 100 करोड़ वैक्सीन डोज के करीब है। जिन्हें अभी टीका लगाया जाना है, वे तुरंत टीकाकरण करवाकर भारत की इस ऐतिहासिक स्वर्णिम टीकाकरण यात्रा में योगदान दें। स्पाइसजेट ने 100 करोड़ के वैक्सीन डोज का जश्न मनाने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर एक विशेष पोशाक का अनावरण करने का फैसला किया है। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मंडाविया और स्पाइसजेट के सीएमडी अजय सिंह इस अवसर पर शिरकत करेंगे। भारत के अलावा, चीन एकमात्र ऐसा देश है जिसने अब तक 100 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन की खुराक दी है। चीन जून में ही 1 करोड़ के आंकड़े पर पहुंच गया था।



### मोदी ने पूछा-दर्द के बाद कोई चिल्लाया तो नहीं..

आरएमएल अस्पताल में पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने एक नर्स से भी मुलाकात की पूछा कि क्या टीका लगवाने वाला कोई ऐसा शख्स भी आया, जिसे दर्द हुआ हो या चिल्लाया हो। कोरोना वैक्सीन के 100 करोड़ डोज पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों से बात की। यहां पीएम मोदी के सामने ही बनारस के दिव्यांग अरुण रॉय को 100करोड़वां डोज लगाया गया है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में में कहा कि देश को 100 करोड़ वैक्सीन का सुरक्षा कवच मिला है। मोदी ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि आज एक उत्साह है और दायित्व बोध भी है कि हमें मिलकर कोरोना को हराना है।

## फटाफट खबरें



### प्रज्ञा के फिर बिगड़े बोल, अब पूर्व मंत्री को कह दिया रावण

**भोपाल।** दशहरे पर एक विरोधी नेता को रावण की संज्ञा दे चुकीं प्रज्ञा ठाकुर ने अब पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा को भी इशारों-इशारों में रावण कह दिया। शरद पूर्णिमा पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए साध्?वी प्रज्ञा ने पीसी शर्मा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि एक विधायक है शर्मा। बुढ़ापा आ गया हैं, लेकिन सच बोलना नहीं सीखा। मैं कहती हूं, बुढ़ापे में तो आदमी सुधर जाए। ब्राह्मण कुल में जन्म लिया तो ब्राह्मण बने रहो, रावण मत बनो। रावण बनोगे क्या करेंगे राम जी। मजबूरी हो जाएगी।।

### हाईकमान को सिद्धू का इस्तीफा मंजूर कर लेना चाहिए था: रावत

**चंडीगढ़।** पंजाब को लेकर कांग्रेस नेतृत्व की मुश्किलें कम होने की बजाय बढ़ती जा रही हैं। राज्य के नेताओं के बीच घमासान का सिलसिला जारी है। वहीं हरीश रावत ने अब सार्वजनिक तौर पर नेतृत्व से पंजाब प्रभारी का पद छोड़ने की मांग कर दी है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जब नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस के पद से इस्तीफा दे दिया था तो उसे मंजूर किया जाना चाहिए था। इससे हाईकमान का स्पष्ट संदेश जाता।

### एलएसी पर दिखी चीन को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी


**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन को मुहंतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। अरुणाचल प्रदेश में पूर्वी क्षेत्र के उबड़-खाबड़ जलवायु परिस्थितियों और इलाकों में भारतीय सेना के जवान आक्रमक ट्रेनिंग और जोरदार अभ्यास करने में जुटे हुए हैं। चीन को करारा जवाब देने के लिए लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश की सीमा तक भारतीय जवानों का पहरा है। जवान जमकर यहां पसीना बहा रहे हैं। चीन की हर एक गतिविधि पर भारत नजर बनाए हुए हैं। खतरे से निपटने के लिए भारतीय सेना के सैनिकों ने पास तवांग सेक्टर में एक अभ्यास का प्रदर्शन किया।

## केंद्रीय कर्मचारियों को आज मिल सकता है डीए का दिवाली तोहफा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल आज यानी गुरुवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत बढ़ोतरी को मंजूरी दे सकता है। होने वाली कैबिनेट बैठक की समाप्ति के बाद मंजूरी के बारे में घोषणा की उम्मीद की जा सकती है। जुलाई से लंबित डीए और डीआर को अगर सरकार मंजूरी दे देती है तो यह केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए राहत भरी खबर होगी। यह एक जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। कोरोना के कारण केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत लाभों को अस्थायी रूप से रोक दिया था।

## पायलट ने समय रहते पैराशूट बांध विमान से छलांग लगा दी

# भिंड में वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश, पायलट बचे



**चेन्नई।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले से बड़ी खबर आ रही है, जहां एक वायुसेना का ट्रेनर विमान क्रैश हो गया है। जानकारी के मुताबिक यह नियमित प्रशिक्षण पर रवाना हुआ था। सूचना मिलने के पर एयरफोर्स, पुलिस और प्रशासन की टीम मौके लिए रवाना हो गई है। विमान में एक ही पायलट फ्लाइट लेफ्टिनेंट अभिलाष थे, जिन्हें हल्की चोटें आईं लेकिन वे पूरी तरह से सुरक्षित हैं। हादसा इतना खतरनाक था कि विमान क्रैश होकर जमीन के अंदर धंस गया। बताया गया है कि हादसे के बाद विमान दो हिस्सों में बंट गया था। लेकिन हादसे में विमान पायलट लेफ्टिनेंट अभिलाष सुरक्षित हैं और मामूली चोट आई है। मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पहुंच चुके हैं और बचाव एवं राहत कार्य तेजी से किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार एयरफोर्स विमान के पायलट लेफ्टिनेंट अभिलाष अकेला उसमें सवारी कर रहे थे, तभी विमान में कोई तकनीकी दिक्कत पैदा हुई तभी, पायलट ने समय रहते अपने आपको सुरक्षित करते हुए पैराशूट के जरिये विमान से छलांग लगा दी और विमान क्रेश होकर देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मन का बाग इलाके में जा गिरा और पायलेट ऊमरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दो से तीन किलोमीटर दूर परशुराम पुरा में जा गिरे। फिलहाल पुलिस प्रशासन के अलावा ट्रैफिक पुलिस ग्रामीणों को घटना पॉइन्ट से दूर भगाने का प्रयास कर रही है।

## अनन्या पांडे और शाहरूख के घर रेड



**मुंबई ।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे के घर एनसीबी ने छापा मारा है। यह रेड मुंबई के बांद्रा स्थित उनके घर पर की गई है। मामले में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन माना जा रहा है कि एनसीबी की यह रेड आर्यन खान ड्रग मामले से जुड़ी हुई हो सकती है। अनन्या शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की दोस्त रही हैं। एनसीबी के हाथ आर्यन खान और बॉलीवुड की एक उभरती हुई एक्ट्रेस की चैट लगी है। चैट्स में नशे को लेकर बातचीत हो रही थी। इसी चैट को आधार बनाकर एनसीबी ने कोर्ट से आर्यन समेत बाकी आरोपियों की रिमांड मांगी है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या वह उभरती हुई एक्ट्रेस अनन्या पांडे हैं। अनन्या बॉलावुड एक्टर चंकी पांडे की बेटी हैं। अनन्या ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था। उधर शाहरुख आज अपने बेटे आर्यन से मिलने आर्थर जेल गए थे। इसी बीच अब शाहरुख खान के घर मन्नत में एनसीबी की टीम पहुंच गई है सर्च ऑपरेशन कर रही है।

## विरोध में अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते सड़कें

### किसान संघों को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक



**नई दिल्ली।** सड़कों पर पिछले एक साल से किसानों द्वारा धरना प्रदर्शन करने को लेकर एक बार फिर आज सुनवाई हुई। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि सड़कों को अवरुद्ध कर विरोध प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसानों को विरोध करने का अधिकार है लेकिन अनिश्चित काल के लिए सड़कों को अवरुद्ध नहीं किया जा सकता। संयुक्त किसान मोर्चा का कहना है कि सड़कों को विरोध करने वाले किसानों ने नहीं बल्कि पुलिस ने जाम किया है सुप्रीम कोर्ट नेकिसान संघों को सड़कों से विरोध करने वाले किसानों को हटाने की मांग वाली याचिका पर चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

## आंदोलन में शामिल पंजाब के एक और किसान की मौत

**जयपुर ।** सोनीपत के कुंडली बॉर्डर पर तीन कृषि कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर जारी आंदोलन में शामिल पंजाब के एक और किसान की बुधवार रात को मौत हो गई। शुरुआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत के सही कारणों का पता लग सकेगा। पुलिस ने शव को सामान्य अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पंजाब के जिला पटियाला के गांव रेनो निवासी करनैल सिंह (61) कुंडली बॉर्डर पर जारी आंदोलन में शामिल होने आए थे।

## प्रियंका की घोषणा : इंटर पास छात्राओं को स्मार्टफोन व ग्रेजुएट को देंगे स्कूटी



**लखनऊ।** यूपी चुनाव 2022 में महिलाओं को 40 फीसदी टिकट देने का एलान करने के बाद कांग्रेस ने गुरुवार को एक और बड़ी घोषणा की है। यूपी कांग्रेस ने एलान किया है कि प्रदेश में सरकार बनने पर इंटर पास छात्राओं को एक-एक स्मार्ट फोन वितरित किया जाएगा। वहीं, ग्रेजुएट हो चुकी छात्राओं को इलेक्ट्रॉनिट स्कूटी दी जाएगी। यूपी प्रभारी व कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि कल मैं कुछ छात्राओं से मिली। उन्होंने बताया कि उन्हें पढ़ने व सुरक्षा के लिए स्मार्टफोन की जरूरत है। मुझे खुशी है कि घोषणा समिति की सहमति से आज यूपी कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि सरकार बनने पर इंटर पास लड़कियों को स्मार्टफोन और स्नातक लड़कियों को इलेक्ट्रानिक स्कूटी दी जाएगी। 19 अक्तूबर को कांग्रेस ने आगामी विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी टिकट महिला उम्मीदवारों को देने का एलान किया था। इस घोषणा की राजनीतिक हलकों में बड़ी चर्चा रही।

### राहुल गांधी बोले- यूपी सिर्फ शुरुआत है

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस फैसले की सराहना करते हुए लड़की हूं... लड़ सकती हूं का नारा ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि, देश की बेटी कहती है- अपनी मेहनत से शिक्षा की ताकत से सही आरक्षण से मैं आगे-आगे बढ़ सकती हूं यूपी सिर्फ शुरुआत है।

## 34 लोग फंसे, चार की मौत और दो लापता

**देहरादून ।** उत्तराखंड में विगत दिनों आई आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 62 हो गई है। गुरुवार को बागेश्वर जिले की सुंदरढूंगा घाटी में चार पर्यटकों की मौत की खबर मिली है। जानकारी के मुताबिक बागेश्वर जिले के पिंडारी, सुंदरढूंगा व कफनी ग्लेशियर क्षेत्र में अभी भी 54 लोग फंसे हुए हैं। वहीं सुंदरढूंगा घाटी में मैकतोली, भानूटी ग्लेशियर के आस-पास ट्रेक पर गए चार पर्यटकों की मौत हो गई है और दो पर्यटक लापता हैं। यह जानकारी उनके साथ बतौर पोर्टर गए सुंदरढूंगा से सुरेंद्र सिंह पुत्र हरक सिंह ने दी है। कफनी ग्लेशियर ट्रेक में 20 गांव वाले भी फंसे हुए हैं। कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

## एमपी में बढ़ेगा 8 फीसदी महंगाई भत्ता



**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के सभी शासकीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 8 प्रतिशत बढ़ाने की घोषणा की है। सरकारी कर्मचारियों को ये बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता नवंबर 2021 में भुगतान होने वाले अक्टूबर 2021 के वेतन में जुड़कर मिलेगा। इसके साथ ही अब प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को मिलने वाला कुल महंगाई भत्ता 12 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो जाएगा। कोरोना काल में राज्य की वित्तीय स्थिति बुरी तरह प्रभावित होने से शासकीय सेवकों को जुलाई 2020 और जनवरी 2021 में मिलने वाली वेतनवृद्धि भी स्थगित रखी गई थी। मध्य प्रदेश ने अब यह निर्णय लिया है कि इस लंबित वेतनवृद्धि का 50 प्रतिशत नवंबर 2021 में भुगतान होने वाले अक्टूबर 2021 के वेतन के साथ दिया जाएगा। लंबित वेतनवृद्धि की शेष 50 प्रतिशत राशि, मार्च 2022 में भुगतान होने वाले फरवरी 2022 के वेतन के साथ भुगतान की जाएगी।

## मालदार निकला जनपद का रिटायर्ड सीईओ



**जबलपुर।** मंडला में जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ रहे सेवानिवृत्त अधिकारी नागेंद्र यादव के खिलाफ गुरुवार को पुलिस ने शिकंजा कस दिया। नौकरी में रहते आय से करीब आठ गुना अधिक संपत्ति के आसामी नागेंद्र के जबलपुर मंडला और भोपाल स्थित ठिकानों पर ईओडब्ल्यू ने गुरुवार को सुबह करीब छह बजे एक साथ छापामारी की। तीनों जिलों में नागेंद्र यादव की संपत्तियों का पता चला है। ईओडब्ल्यू एसपी देवेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि नागेंद्र यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मंडला में नागेंद्र का एक मकान है। जहां पर ताला लगा हुआ है। जबलपुर में सर्च कार्रवाई के बाद अधिकारियों की टीम नागेंद्र को लेकर मंडला जाएगी जहां उसकी मौजूदगी में घर के दरवाजे पर लगा ताला खोलकर सर्चिंग की जाएगी। इधर ईओडब्ल्यू के अन्य अधिकारियों ने सर्च कार्रवाई में नागेंद्र यादव द्वारा जोड़ी गई बेहिसाब संपत्ति का पता चलने की संभावना जताई है। अभी तक की कार्रवाई में 50 करोड़ की संपत्ति का अनुमान लगाया जा रहा है।

देखें अंतिम पेज भी

## UP Election सपा-सुभासपा का गठबंधन तय



**राजनीतिक डेस्क।** ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी में गठबंधन हो गया है। इसका एलान सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता परेशान है। हमारी अखिलेश यादव के साथ सहमति बन गई है। लोग भाजपा से परेशान हैं। हम उन्हें सत्ता से हटाने के लिए साथ आए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों नेताओं में 14 सीटों पर सहमति बनी है। राजभर ने बुधवार को अखिलेश यादव से मुलाकात की। इसके पहले राजभर के भाजपा से गठबंधन करने के कयास लगाए जा रहे थे। सपा ने ट्वीट कर इसकी घोषणा कर दी है। ट्वीट में कहा गया है कि वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों, महिलाओं, किसानों, नौजवानों, हर कमजोर वर्ग की लड़ाई समाजवादी पार्टी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मिलकर लड़ेंगे। सपा और सुभासपा आए साथ, यूपी में भाजपा साफ! अखिलेश यादव से मुलाकात के बाद राजभर ने बयान दिया कि आज अखिलेश यादव से मुलाकात हुई। हमने गठबंधन के लिए सपा, बसपा, कांग्रेस और भाजपा को निमंत्रण दिया था। अखिलेश यादव ने हमारे न्योते को स्वीकार किया। हमारी उनसे एक घंटे बात हुई। 27 तारीख को महापंचायत रखी गई है जिसमें वंचित, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लोग शामिल होंगे। सीटों के लिए 27 के बाद बैठ कर बात कर लेंगे। उन्होंने कहा कि सपा एक सीट भी नहीं देगी तो भी हम उनके साथ रहेंगे।राजभर ने कहा कि इस समय प्रदेश में भाजपा नफरत की राजनीति कर रही है। व्यापारी और नौजवान सभी परेशान हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भागीदारी संकल्प मोर्चा में सीटों का विवाद नहीं है।

## सेंसेक्स 300 अंक ऊपर खुला, निफ्टी में भी तेजी

**नई दिल्ली।** सप्ताह के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार (21 अक्तूबर) को मिश्रित वैश्विक रुझानों के बावजूद भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक स्तर पर खुले। इस दौरान सेंसेक्स की शुरुआत 286.63 अंकों की तेजी के साथ 61546.59 के स्तर पर हुई। वहीं, निफ्टी भी 82.40 अंकों की बढ़त के साथ 18349 पर खुला। इस दौरान करीब 1455 शेयरों में तेजी आई, जबकि 415 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, 66 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार में कारोबार की शुरुआत होते ही ओएनजीसी, शेयरों में उछाल आया।



## पुलिस कीर्ति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि

# प्रेरणा पुंज है सिपाहियों की कर्तव्य निष्ठा







**जबलपुर यशभारत।** देशभक्ति और जनसेवा के ध्येय वाक्य को सार्थक करनेवाले शहीद पुलिसकर्मियों की कर्तव्य परायणता हमारे लिए गौरव और प्रेरणा का पुंज है ।जो हमें अपना दायित्व याद कराता है ।उसे हम सब आत्मसात कर देश की सेवा में जुटे रहें ।उक्त भावों से भरे उद्गार उमेश जोगा आई जी जबलपुर रेंज ने रांझी स्थित 6वीं बटालियन में आयोजित पुलिस कीर्ति दिवस पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यक्त किए ।उल्लेखनीय है कि1959 मे आज ही के दिन जब लद्दाख में भारी ठंड और बर्फबारी के बीच पुलिस जवान अपनी ड्यूटी निभा रहे थे तभी चीनी सेना से मुठभेड़ हो गई ।जिसमें10पुलिस जवान देश सेवा करते हुए शहीद हो गए ।तब से प्रत्येक वर्ष उनकी स्मृति में कीर्ति दिवस का आयोजन किया जाता है ।6 वीं बटालियन मे आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि उमेश जोगा आईं जी पुलिस जोन की आगवानी बटालियन के कमांडेंट रूडोल्फ अल्वारेस ने की ।स्वागत के बाद गत वर्षों में शहीद पुलिस जवानों की सूची मुख्य अतिथि को भेट की। उनके नामों के वाचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश जोगा पुलिस महानिरीक्षक जोन जबलपुर द्वारा किया गया । आई जी ने सम्मान के साथ याद कर कहा कि यह पल हमारे लिए गौरव और कर्तव्य परायणता को याद करने का दिन हैं ।इसके उपरांत पुलिस टुकड़ी ने शोक शस्त्र सलामी शस्त्र सलामी कंधा शस्त्र सलामी और बाजू सलामी कमांडेंट के नेतृत्व में दी गई। । इस अवसर पर रूडोल्फ अल्वरेस (भा.पु.से.) कमाण्डेन्ट 06वीं बटालियन जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक जबलपुर, एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक व इन्सपेक्टर्स उपस्थित रहे, जिन्होंने अमर जवान 06वीं वाहिनी विसबल जबलपुर में पुष्प चक अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर जिला पुलिस बल, जीआरपी, एसएएफ के प्लाटूनों ने सलामी दी। कार्यक्रम में 06वीं वाहिनी / प्रशिक्षण शाखा के 246 अधिश / कर्मचारी उपस्थित थे, जिनके द्वारा अमर जवान पर श्रध्दा सुमन अर्पित किये गये ।उल्लेखनीय है कि माह जनवरी 1960 में दिल्ली में पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि इन शहीद वीर पुलिस कर्मियों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाये तभी से आज के दिन उन वीर पुलिस कर्मियों का स्मरण करते है और उन्हें श्रध्दा भाव से श्रद्धांजली अर्पित करते है जिन्होंने कर्तव्य पालन तथा देश की अखण्डता व एकता की रक्षा करने में अपने प्राणों की आहुती दी है तथा देश प्रेम त्याग और बलिदान की सर्वोच्च परंपरा स्थापित की है। 1 सितंबर .2020 से 31अगस्त 2021 तक कर्तव्य की वेदी पर पूरे देश की सिविल पुलिस एवं पैरा मेलिट्री फोर्स के आठ एवं प्रदेश के 15 (पन्द्रह) अधिकारी / कर्मचारी 01. स्व0 उनि श्री चन्दनलाल उइके 02. स्व0 सउनि (अ) श्री शरद अग्रवाल 03. स्व0 सउनि श्री राजेन्द्र वर्मा 04. स्व0 सउनि श्री रमेश मेहरा, 05 स्व0 सउनि (एसएएफ) श्री श्याम लाल डेहरिया 06. स्व0 प्रआर0 श्री रामप्रकाश, 07 स्व0 प्रआर0 श्री सत्येन्द्र अग्निहोत्री 08. स्व0 प्रआर0 श्री कलू तिवारी, 09 स्व0 प्रआर0 श्री दिनेश चन्द्र शर्मा, 10 स्व0 प्रआर0 श्री भरतलाल चौहान, 11 स्व0 सउनि श्री गोवर्धन सोलंकी, 12 स्व0 आर0 श्री दीपक राजूरकर, 13 स्व0 आर0 श्री राजकुमार यादव, 14 स्व0 आर0 श्री सुरेश मुड़िया 15 स्व0 आर0 श्री राजेश कुमार राजपूत ने अपने प्राणों की आहुती दी है ।

फोटो- अशोक बर्मन



## जिला अधिवक्ता संघ के द्विवार्षिक चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा

### 21 अक्टूबर से नामांकन ,17 नवंबर को मतदान

जबलपुर । जिला अधिवक्ता संघ के होने जा रहे द्विवार्षिक चुनाव 2021-23 के लिए 21 से 23 अक्टूबर से नामांकन पत्र दिए जाएंगे। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन वापसी के लिए 28 अक्टूबर तक की तिथी दी गई है। नामांकन पत्रों की जांच 29 अक्टूबर को होगी जबकि 30 अक्टूबर को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदान 17 नवंबर को होगा और मतगणना 18 नवंबर से प्रारंभ होगी। उक्त चुनाव कार्यक्रमों को घोषणा बुधवार को चुनाव कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश उपाध्याय एवं उप चुनाव अधिकारी एड नवीन शुक्ला, एड बृजेश वर्मा, एड अभय सिंह ठाकुर, एड नीलम दत के द्वारा की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि संघ के अध्यक्ष पद का नामांकन शुल्क 25 हजार, उपाध्यक्ष पद का 20 हजार रुपए तय किया गया है। दोनों पदों को लिए प्रत्याशी को 20 वर्ष का वकालत का अनुभव अनिवार्य है। उपाध्यक्ष पद हेतु कुल दो पद एक महिला एवं एक पुरुष तय किए गए हैं। मतदाता को दोनों पदों पर अपना मत देना अनिवार्य होगा। यदि दोनों श्रेणी में से किसी एक प्रत्याशी को या दोनों मत पुरुष श्रेणी के या दोनों मत महिला श्रेणी के प्रत्याशी को दिया जाता है तो यह मत अवैध मानकर निरस्त मान्य कर मतगणना में शामिल नहीं होगा। सचिव पद के लिए 20 हजार एवं सहसचिव पद के लिए नामांकन शुल्क 15 हजार रुपए एवं प्रत्याशी को 15 वर्ष का वकालत का अनुभव, कोषाध्यक्ष पद के लिए 15 हजार रुपए एवं 10 वर्ष का अनुभव, पुस्तकालय सचिव के लिए 15 हजार रुपए 10 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य किया गया है।

## विद्युत इकाइयों में पहुंचा रहा रेलवे

# मालगाड़ियों से कोयले की ढुलाई तेज

**जबलपुर,** । विद्युत उत्पादन केंद्रों में कोयले के स्टाक को बढ़ाने का जिम्मा अब रेलवे को दिया गया है। इसलिए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर और भोपाल मंडल ने मालगाड़ियों से कोयले की ढुलाई तेज कर दी है। इन गाड़ियों की संख्या और रफ्तार में कमी न आए इसके लिए रेलवे ने एक स्पेशल टीम बनाई है। यह टीम न सिर्फ मालगाड़ियों की मदद से विद्युत इकाइयों में पर्याप्त कोयला पहुंचा रही है बल्कि मालगाड़ियों में किसी तरह का अवरोध न आए इसका भी ध्यान रख रही है। यही वजह है कि पश्चिम मध्य रेलवे के उन रूटों पर यात्री ट्रेनों की संख्या कम कर दी गई है जहां पर मालगाड़ियों की आवाजाही ज्यादा है। जबलपुर रेल मंडल के सिंगरौली, कटनी, बीना रूट पर चलने वाली कई यात्री ट्रेनों को 25 अक्टूबर तक के लिए रद किया गया है। सिंगरौली से कटनी और बीना के बीच कई ट्रेनों को 25 अक्टूबर तक रद कर दिया है। इस वजह से इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे का कहना है कि इन यात्रियों को टिकट की पूरी राशि रिफंड की जाएगी, लेकिन यात्री इस बात को लेकर परेशान हैं कि आरक्षित टिकट लेने के लिए दो से तीन माह पूर्व ही ट्रेन में रिजर्वेशन कराया था। अब जब ट्रेन रद हो गई है तो दूसरी ट्रेन में आरक्षित टिकट मिलना मुश्किल होगा। इस वजह से कइयों को अपनी यात्री रद करनी होगी।



## बीएसएनएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से

**जबलपुर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी भारत संचार निगम लिमिटेड नई दिल्ली के निर्देशानुसार कार्यालय महाप्रबंधक बिज़नेस एरिया जबलपुर, भारत संचार निगम लिमिटेड में 26 अक्टूबर से 01 नवबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा । इसके अन्तर्गत 26 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे राजेश सोनी, महाप्रबंधक दूरसचार बिज़नेस एरिया जबलपुर द्वारा शपथ दिलाई जायेगी एवं बीएसएनएल के विभिन्न कार्यालय एवं दूरभाष केन्द्रों में सतर्कता सप्ताह के बैनर/पेम्पलेट लगाये गये हैं। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । महाप्रबंधक जबलपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी एसएसए प्रमुखों एवं कर्मचारियों/ अधिकारियों की उपस्थित में सभा के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, भारत संचार निगम लिमिटेड का संदेश का वाचन किया जाएगा एवं 01 नवंबर को सतर्कता सप्ताह का समापन होगा ।

# करवा चौथ का बाजार सजा, 5 साल के बाद शुभ संयोग

**जबलपुर।** करवा चौथ का पर्व को इस साल 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा। संस्कारधानी करवा चौथ का बाजार सज चुका है। करवा चौथ में खरीदारी से लेकर मुख्य बाजारों तक होड़ मची हुई। शहर के बड़ा फुहारा, गंजीपुरा बाजार समेत उपनगरीय क्षेत्रों में भी दुकानों में भीड़ नजर आने लगी। दूसरी ब्यूटी पार्लर की दुकानें भी बुक होना शुरू हो गई हैं। साथ ही साड़ियों के दुकानें में भीड़ नजर आ रही है। बाजार में आकर्षक करवा की दुकानें सज गई हैं। इस बार करवा चौथ का व्रत खास होगा। ज्योतिषों के अनुसार कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला व्रत इस साल 24 अक्टूबर रविवार को पड़ रहा है। पांच साल बाद करवा चौथ पर शुभ योग बन रहा है। उच्च का चंद्रमा और रोहणी नक्षत्र का मंगलकारी संयोग बनेगा।



ज्योतिर्विदों के अनुसार इस वर्ष बन रहे खास संयोग में व्रत-पूजन से महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीष मिलेगा। व्रत की अवधि 13 घंटे 59 मिनट रहेगी और चंद्रोदय रात 8.26 बजे होगा।

रोहिणी नक्षत्र और रविवार का दिन होने की वजह से सूर्य देव का विशेष आशीर्वाद मिलेगा। रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित है। सूर्य देव के आरोग्य और दीर्घायु का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस दिन महिलाएं सूर्य देव का पूजन कर पति की दीर्घायु की कामना कर शुभ मुहूर्त में पूजन करने से व्रती महिलाओं की इच्छा भी पूरी होती है। भारतीय संस्कृति में विवाहित महिलाओं के लिए करवा चौथ एक प्रमुख पर्व माना जाता है। पौराणिक काल से ही अपने पति के दीर्घायु और सौभाग्य की कामना के लिए, दांपत्य जीवन की बगिया हमेशा महकती रहे और जीवन पर्यन्त पति-पत्नी के बीच अगाध प्रेम बना रहे इसलिए यह व्रत किया जाता है। करवा चौथ, महज एक व्रत नहीं है बल्कि एक सूत्र है साथ रहने के विश्वास का, एक साथ जीने का।

इस अवसर पर शहरभर में सामूहिक करवा चौथ के उद्यापन सहित पूजा-अर्चना के आयोजन होंगे। करवा चौथ पर महिलाएं पति के दीर्घायु के लिए व्रत की विभिन्ना रस्म निष्ठा के साथ करती हैं। इस दिन भगवान शिव, माता पार्वती और कार्तिकेय के साथ-साथ भगवान गणेश की पूजा की जाती है। अपने व्रत को चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य अर्पण करने के बाद पूरा किया जाता है। इसके बाद महिलाएं अन्ना-जल ग्रहण करती हैं। व्रत सूर्योदय से रात्रि को चंद्रमा के दर्शन तक किया जाता है।

## शरद पूर्णिमा पर बगलामुखी माता का विशेष पूजन

**जबलपुर।** बगलामुखी शक्ति पीठ शंकराचार्य मठ मैं शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर बगलामुखी माता का विशेष श्रृंगार किया गया एवं 1100 सौ कमल के फूलों से अर्चन किया गया ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने विशेष पूजन किया माता रानी को विशेष पूजन के साथ खीर का भोग लगाया पूजा पश्चात खीर का वितरण किया गया शरद पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजन अर्चन का बड़ा महत्व बताया गया है इस अवसर पर मधु यादव ख्प्रकाश द्विवेदी, मनोज सेन प्रकाश शर्मा उपस्थित थे।



## वात्री साहू समाज का शरदोत्सव कार्यक्रम

जबलपुर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर वात्री साहू समाज के श्री



जगदीश स्वामी कर्मा माई शंकर भगवान मंदिर ट्रस्ट के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शरदोत्सव का कार्यक्रम साहू धर्मशाला गढ़ाफाटक में मनाया गया। कार्य्रकम के प्रारंभ में साहू समाज के वरिष्ठजनो द्वारा भगवान श्री जगदीश स्वामी, बलभद्र जी, देवी सुभद्रा का पूजन के पश्चात आरती की गई तत्पश्चात दूध पेड़ा का भोग अर्पित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं ने भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के बाद सभी श्रद्धालुओं को दूध पेड़ा प्रसाद का वितरण किया गया।ें ट्रस्ट के संचालक चौधरी मुकेश साहू, हरीश साहू, राजेश साहू पप्पू, नरेंद्र साहू, कोठिया श्रीकान्त साहू, पप्पी साहू, राकेश साहू, विशाल साहू, जयप्रकाश साहू आदि की सहभागिता थी।

## चंद्रमा ने बरसाया अमृत और तुलसी माता का पूजन किया गया

प्राची श्री लोधेश्वर महादेव मां खेरमाई शक्ति मठ में अश्वनी शुक्ल पक्ष शरद पूर्णिमा का पर्व डॉ.राधाकृष्णन वार्ड फकीर चंद्र अखाड़ा स्तिथ में श्रद्धा भक्ति भाव और उल्लास के साथ बनाया गया व्रत धारी महिलाओं ने भगवान सत्यनारायण माता तुलसी की पूजा अर्चना करते हुए संतान सुख पति के लिए मंगल कामना करते हुए व्रत रखा तुलसी के पौधे के नीचे व्रत धारी महिलाओं ने खोवे के लड्डू और पेड़े से भगवान सत्यनारायण माता तुलसी की पूजा कर कथा श्रवण किया पश्चात आरती की गई इस पावन पर्व के अवसर पर मंदिर प्रांगण में श्रीमती रेखा लोधी, श्रीमती सरस्वती लोधी, श्रीमती शिवानी लोधी, श्रीतमी शिवा लोधी, श्रीमती धरना साहू, नित्या सिंह, कीर्ति सिंह, स्नेहा लोधी, मैत्री लोधी, आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।



## गरीब रथ को अब सीधे ओ.एच.ई. से मिलेगी विद्युत


**जबलपुर,** । जबलपुर से मुंबई के बीच चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस के कोचों में अब विद्युत की सप्लाई डीजल के स्थान पर ट्रेक के ऊपर लगे स विद्युत लाईन से की जाएगी जिससे कि ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के साथ ही खर्चे में हो बहुत कमी आएगी। इस नई तकनीकी का ट्रॉयल जबलपुर रेल मंडल ने कर लिया है म जिसमें किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं आया है। अब जल्द ही यह तकनीकी पु गरीब रथ एक्सप्रेस में पूर्णरूप से लागू होने जा रही है। इसके लागू होते ही त प्लेमटफार्म पर इस गाड़ी के खड़े होने पर इसके अगले एवं पिछले डिब्बों में लगे क की जनरेटर से आवाज आना एवं धुआं निकलना भी बंद हो जाएगा। जबलपुर मंडल सदैव वातावरण से प्रदूषण एवं खर्चों में कमी करने हेतु प्रयासरत रहता है। इसी दि तारतम्यल में जबलपुर मंडल से चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन नं. वि 02187/88 जो कि ई.ओ. जी. (एण्ड ऑन जनरेशन) सिस्टरम पर कार्यरत थी क जिसमें कोचों में विद्युत सप्लाई की आपूर्ति पावर कार में लगे डीजल जनरेटर द्वारा प्रदान की जाती थी तथा इसमें जबलपुर से मुंबई एवं वापसी यात्रा के दौरान लगभग स 3000 लीटर ईंधन (डीजल) की खपत होती थी। इस संबंध में वरि. मंडल विद्युत पं अभियंता संजय मनेरिया ने बताया कि अब जबलपुर मंडल द्वारा गरीब रथ एक्सप्रेस को एच.ओ. जी. (हैड ऑन जनरेशन) सिस्टपम में परिवर्तित कर दिया म गया है जिसमें कोचों की विद्युत सप्लाई की आपूर्ति विद्युत इंजन द्वारा की जाएगी।

## शरद पूर्णिमा पर माँ नर्मदा की भव्य महाआरती

# आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का जन्मोत्सव भी मनाया

जबलपुर। राष्ट्र संत आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के 75 वें जन्मदिवस पर मां नर्मदा की दीप आराधना महाआरती की गई। इस दौरान पूज्य महामंडलेश्वर एवं गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष मध्य प्रदेश में कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त स्वामी अखिलेश्वर आनंद गिरि महाराज एवं पूज्य संत जनों को आचार्य श्री द्वारा लिखित ग्रंथ प्रदान करके सम्मान किया गया। उपरोक्त आयोजन में जस्टिस एचपी सिंह न्यायाधीश आशुतोष अग्निहोत्री न्यायधीश दीक्षा तलवार प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर ठाकुर रामजीवन सिंह मां नर्मदा महाआरती समिति के संस्थापक पंडित ओंकार दुबे कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट ठाकुर विनोद सिसोदिया लीगल टीम से तरसेम सिंह पप्पू रंजीत जैसवाल शमशेर सिंह परिहार एडवोकेट श्याम सुंदर यादव एडवोकेट जितेंद्र सिंह एडवोकेट बृजेश दुबे एडवोकेट ग्रीष्म जैन एडवोकेट सतीश वर्मा एडवोकेट अमित पटेल एडवोकेट एनके पटेल क्षत्रिय महासभा विश्रांति सिंह श्रीमती शीला सिंह सिसोदिया रजनी सिंह रंजना सिंह नीलू सिंह विशेष रुप से संतों की उपस्थिति रही।





## हवन-भंडारा के साथ गोविंदगंज रामलीला का विश्राम

जबलपुर। मध्य भारत की सर्वाधिक प्राचीन रामलीलाओं में से एक श्री गोविंदगंज रामलीला समिति द्वारा मंचित की जाने वाली रामलीला का समापन हवन शांति के साथ हुआ। इस बार रामलीला में कोरोना प्रोटोकाल के चलते मंचन के स्थान पर मानस लीला आयोजित की गई थी। रामलीला भवन में दोपहर को भंडारे का आयोजन किया गया है। अगले वर्ष रामलीला समिति 158 वें वर्ष के साथ पुन- प्रभु की लीला मंचित करेगी। इससे पूर्व हवन शांति का विधि-विधान पं. वासुदेव शास्त्री सहित अन्य आचार्यों द्वारा संपन्न कराया गया। रामसमिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने इस मौके पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, प्रिंट-इलेक्ट्रानिक मीडिया, विद्युत मंडल सहित समस्त दर्शकों, अभिनय कर्ताओं, सदस्यों, पात्रों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रभु की लीला में इसी तरह सभी का सहयोग मिलता रहेगा।

# गृहमंत्रालय की उदासीनता से नहीं हो पा रही भर्ती

जबलपुर, । मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने आरोप लगाया कि गृहमंत्रालय की उदाशीनता के कारण प्रदेश में रिक्त पड़े आरक्षक के हजारों पदों पर भर्ती नहीं हो पा रही है जिसके कारण शिक्षित बेरोजगारों के साथ साथ पुलिस महकमे के पुलिस कर्मियों में भी आक्रोश व्याप्त है विगत तीन वर्षों से विभाग द्वारा आरक्षकों की भर्ती भी नहीं की जा रही है सी बीच सैकड़ों पुलिसकर्मी प्रति माह सेवानिवृत्त हो रहे हैं साथ ही दो वर्षों से कोरोना महामारी के साथ साथ अन्य वीआईपी ड्यूटी के साथ साथ त्योहारों में ड्यूटी यातायात सुधार के साथ साथ ब?ती जनसंख्या के साथ साथ ज़ पुलिस कल की कमी के कारण जो पुलिस कर्मी कार्य कर रहे हैं न तो शारीरिक विश्राम मिल रहा है न ही मानसिक दिन प्रतिदिन हाईटेक बढ़ते अपराधों के बाद भी प्रदेश सरकार द्वारा

### पुलिस महकमे में आरक्षक के हजारों पद खाली

भर्ती न किया जाना समझ के परे है गृहविभाग जैसे महत्वपूर्ण विभाग में अस्थाई व संविदा नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है उसके बाद भी हजारों पद आरक्षक के रिक्त पड़े हुए हैं। गृह विभाग के सुस्तता के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मप्र तृतीय शासकीय कर्मचारी संघ के योगेन्द्र दुबे, अरवेन्द राजपूत, अवधेश तिवारी, नरेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, सुरेन्द्र जैन, एमएल नामदेव, मुन्नालाल पटेल, प्रकाश सेन, संतोष दुबे, सुधेश श्रीवास्तव, मुकेश धनगर, सुशील डोंगरे, मनीष चौबे, राकेश दुबे, गणेश उपाध्याय, प्रणव साहू, श्याम नारायण तिवारी, नितिन शर्मा, मनीष लोहिया, धीरेन्द्र सोनी, मो. तारिक, महेश कोरी, संतोष तिवारी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश में आरक्षकों के हजारों रिक्त पदों की तत्काल भर्ती प्रक्रिया चालू की जाए।

# कहानी संग्रह 'पारसी धर्मशाला' जबलपुर नगर के पारसी समुदाय को की गई भेंट

**जबलपुर,** । कथाकार पंकज स्वामी ने अपने कहानी संग्रह 'पारसी धर्मशाला' की प्रतियों को नगर के पारसी समुदाय के प्रमुख दोराब कोवासजी बजान, सोली दारूवाला मानेक्शॉ, केरमान बाटलीवाला, परवेज ड्रायवर, मीनू श्राफ व केरसी ड्रायवर को भेंट किया। कथाकार पंकज स्वामी ने हिन्दी साहित्य में पारसी समुदाय पर अपने तरह की तीसरी कहानी लिखी है। इससे पूर्व विख्यात कथाकार मनोज रूपड़ा ने 'टॉवर आफ सायलेंस' और अली इमाम नक़वी ने 'डूंगरवाड़ी के गिद्ध' कहानी लिख चुके हैं। टॉवर आफ सयलेंस नागपुर एवं डूंगरवाड़ी के गिद्ध डूंगरवाड़ी के पारसी समुदाय पर केन्द्रित थी, जबकि पंकज स्वामी ने पारसी धर्मशाला में जबलपुर में रहने वाले पारसियों, उनकी जिंदगी व संस्कृति को अपनी कहानी का मुख्य विषय बनाया है। उल्लेखनीय है कि नवसारी से लगभग 150 वर्ष पूर्व पारसी समुदाय जबलपुर व आसपास में आ कर बसा था। नेपियर टाउन कल्चरल स्ट्रीट मार्ग पर स्थित पारसी धर्मशाला में नगर के पारसी समुदाय के ट्रस्टियों ने कथाकार पंकज स्वामी को आमंत्रित कर उनकी कहानी 'पारसी धर्मशाला' व कहानी संग्रह की अन्य कहानियों पर विस्तृत चर्चा की। कथाकार पंकज स्वामी ने कहा कि पारसी धर्मशाला में जबलपुर के पारसी समुदाय के जीवन संघर्ष, संस्कृति व उनके एकाकीपन का जीवंत वर्णन है। पारसी समुदाय के ट्रस्टियों ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कथाकार पंकज स्वामी ने अपनी कहानी में जबलपुर के पारसियों के जीवन को मुख्य विषय बनाया है।



## हसन अली इण्डियन ऑयल सर्वो सुरजीत हॉकी प्रतियोगिता में अम्पायर

**जबलपुर।** 23अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक जालंधर, पंजाब में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय सुरजीत हाकी प्रतियोगिता हेतु पष्चिम मध्य रेल, जबलपुर के राष्ट्रीय निर्णायक हसन अली को भ्वबामल प्दकपं द्वारा एम्पायर नामित किया है। उक्त प्रतियोगिता में देष की सर्वश्रेष्ठ टीमे भाग ले रही है जिसमें हिन्दुस्तान के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल हिन्दुस्तान का नाम रोषन किया वरन् हॉकी को एक नई पहचान दी, वे सभी भाग ले रहे हैं। उक्त प्रतियोगिता हेतु एम्पायर नामित होने पर हसन अली ने जबलपुर शहर को गौरवान्वित किया है। हसन अली के इस उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के सुश्री मधु यादव, वरि. क्रीड़ा अधिकारी, पमरे खेलकूद संघ, श्रीमती कंचन यादव, आशीष यादव, अजय मार्को, अशरफ अली, एल्विन सुशील कुमार, डॉ रमेश शुक्ला, पप्पी खान, डॉ विशाल बन्ने, ओंकार दुबे, आरिफअली, श्री असलम अली, अफसर अली एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाईयॉ व भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।



# पहली बार सीएम बना तो सीएम हाउस में 2 गाय थी, आज 45

## जिस दिन गौशालाएं आत्मनिर्भर बन जाएंगी, सड़कों पर आवारा मवेशी नहीं दिखेंगे


आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त करते मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान साथ में ब्र. विनय भैया व समाज सेवी संदेश जैन।

**जबलपुर यशभारत।** सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि मैं पहली बार मुख्यमंत्री बना था, तो सीएम हाउस में दो गाय लाया था। वे 45 हो गईं, तो अपने खेत में बने फार्म हाउस में भिजवा दिया। 15 महीने बाद चौथी बार सीएम बना, तो दो गाय फिर लाया था। अब उनकी संख्या पांच हो गई है। गाय सचमुच में लक्ष्मी है। गौ का एक-एक उत्पाद उपयोगी है। जिस दिन हमारे प्रदेश की गौशालाएं आत्मनिर्भर बन जाएंगी, सड़कों पर आवारा मवेशी नहीं दिखेंगे। सीएम शिवराज सिंह चौहान डेढ़ घंटे की देरी से शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को जबलपुर पहुंचे थे।

### 100 बिंदुओं के मानक पर हुआ सर्वश्रेष्ठ गौशालाओं का चयन

मप्र गोपालन एवं पशु संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद ने बताया कि पुरस्कार के लिए 100 बिंदुओं का मानक तय किया गया है। इसके आधार पर अंक दिए जाते हैं। सर्वाधिक अंक पाने वाले प्रदेश के तीन सर्वश्रेष्ठ गौशालाओं को पुरस्कार दिया जाता है। इन मानकों में गौशालाओं में गौवंश की संख्या, उनके लिए उपलब्ध व्यवस्थाएं, चारा उत्पादन, पंचगव्य औषधि व अन्य सामग्रियों का उत्पाद, समाज से जुड़ाव व दान एकत्रित करने की क्षमता आदि पर चयन किया जाता है। घायल गौ का इलाज करने वाले संस्थाओं को भी व्यक्तिगत तौर पर पुरस्कृत किया जाता है।

### इनको मिला 2018-19 के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार

आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन केंद्र लेहरदा रतौना सागर- 5 लाख रुपए। दयोदय पशु सेवा केंद्र अशोकनगर तृतीय- 2 लाख रुपए सांत्वना पुरस्कार में 50-50 हजार रुपए मिले। श्री गोपाल गौशाला कचनारिया उज्जैन, श्री राजेराजेश्वरी गौशाला गोटेगांव, गौवंश रक्षण समिति वारासिवनी, त्रिवेणी गौशाला झगडिया बैतूल। व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्का सूरज सोनी सागर- 01 लाख रुपए जेलर एसके उपाध्याय रीवा- 50 हजार रुपए ज्ञानचंद जैन पन्ना 20 हजार रुपए।

### 2019-20 के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार

बाहुबली जीवन रक्षा संस्थान मेघासिवनी छिंदवाड़ा - 05 लाख रुपए श्रीराम गौसंवर्धन गौशाला बिरकुनिया सिंगरौली -03 लाख रुपए सांत्वना पुरस्कार में 50-50 हजार रुपए मिले। शीतला माता गौसेवा समिति उज्जैन, श्री गणेश गौशाला आगर मालवा, श्रीमद भागवत गौशाला कनाड़िया इंदौर। व्यक्तिगत श्रेणी में पुरस्कार स्वामी ऋषभदेवानंदजी, श्रीकृष्णामय देशी गौरक्षा एवं गौलोक धाम समिति ग्वालियर 01 लाख रुपए, पवन राजपूत हटा दमोह 50 हजार रुपए, डॉ. श्वेता सिंह मरावी मंडला 20 हजार रुपए।


पुरस्कार प्रदान करते मुख्यमंत्री श्री चौहान व स्वामी अखिलेश्वारानंद।

### गौ - शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना

गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना सीएम बोले कि गौ - शालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना होगा। गौ की सेवा मैं स्वयं करता हूं। समाज के सहयोग के बिना एमपी के विशाल पशुधन की सेवा नहीं हो पाएगी। सरकार के स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, पर आम लोगों का सहयोग मिलेगा, तभी उद्देश्य पूरा होगा। गौ का हर उत्पाद उपयोगी है। औषधि के रूप में इसके उत्पाद तैयार कर हम गौ - शालाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। सीएम 7.30 बजे रवाना हुए पन्ना सीएम शाम 5.30 बजे जबलपुर पहुंचे। करीब 2 घंटे वे तिलवारा दयोदय में रहे। इसके बाद वे सड़क मार्ग से डुमना पहुंचे और वहां से पन्ना के लिए रवाना हो गए। सीएम सतना जिले के सितपुरा से हैलिकॉप्टर से भेड़ाघाट पहुंचे थे।

## रामू ने कहा, कलेक्टर दयालु है इसलिए मदद के लिए आया हूं

### पीड़ित असहाय मरीज को इलाज के लिए विक्टोरिया में भर्ती करवाया



**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक बीमार पैर से लाचार व्यक्ति लगभग घसिटता हुए पहुंच गया जो तीन-चार दिनों से जबलपुर में भटक रहा था किसी ने भी उसकी मदद नहीं की यहां तक कि हॉस्पिटल भी पहुंच गया लेकिन किसी ने भी उसकी मदद नहीं की और न भर्ती किया परेशान हालत में यहां वहां भटक रहा था की किसी ने उन्हें कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के बारे में बताया कि वे बहुत दयालु है वही आपकी मदद कर सकते हैं तत्पश्चात किसी तरह से वह व्यक्ति कलेक्ट्रेट पहुंचा वहां कंट्रोल रूम कर्मचारी जो 24 घंटे कार्य करते हैं ने उससे विस्तारपूर्वक पूछा तो उसने बताया कि मेरा नाम रामू झारिया है और मैं मंडला जिले के हिरदय नगर से आया हूं मेरे पैर में चोट लगी है जिसका इलाज ना होने के कारण पैर गल सा गया है यदि तुरंत इलाज की व्यवस्था नहीं की गई तो पैर भी काटा जा सकता है यह सुनकर कंट्रोल रूम में ड्यूटी कर रही नायाब तहसीलदार श्रीमती रश्मि चौधरी जी ने समस्या सुनी और विक्टोरिया के डॉ वैभव हजारी एवं डॉ प्रियंक दुबे को फोनकर तत्काल एंबुलेंस भेजने का निर्देश दिया जिसके फलस्वरूप डॉक्टरों की टीम कलेक्ट्रेट आकर मरीज रामू झारिया का चेकअप किया और विक्टोरिया एंबुलेंस में ले गए जहां पर प्राथमिक परीक्षण के उपरांत गैंग्रीन बोर्ड में भर्ती कर दिया गया है उसकी मदद करने में नायाब तहसीलदार श्रीमती रश्मि चौधरी, उमाशंकर अवस्थी, दीपक अहिरवार,और अनिल मरावी का योगदान उल्लेखनीय रहा।

## महाकोशल चेम्बर हेल्प डेक्स का शुभारंभ समारोह आज

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉर्मस एंड इंडस्ट्री द्वारा एम.एस.एम.ई.के विकास एवं उत्थान तथा महाकोशल अंचल के शिक्षित युवाओं, उद्यमीयों हेतु नये रोजगार, व्यापार एवं उद्योग स्थापना के क्रम में ''हेल्प डेस्क'' का शुभारंभ संभागीय आयुक्त जबलपुर बी. चन्द्रशेखर आई.ए.एस. के मुख्य अतिथ्य तथा जिला अध्यक्ष जबलपुर कर्मवीर शर्मा आई.ए.एस. के विशिष्ट अतिथ्य में आज शाम 03:30 बजे चेम्बर भवन सिविक सेंटर में होने जा रहा है। इस ''हेल्प डेस्क'' में इच्छुक शिक्षित युवा उद्योग एवं व्यापार प्रारंभ करने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ स्थापित उद्योग व व्यापार संचालित करने वाले व्यक्ति जो ''हेल्प डेस्क'' की सुविधाओं से जुड़ना चाहते है उनका पंजीयन भी किया जाएगा। यह ''हेल्प डेस्क'' हर सोमवार से शुक्रवार शाम 04:00 से 06:00 बजे तक चेम्बर कार्यालय में कार्यरत् रहते हुए उद्योग एवं व्यापार की सहायतार्थकार्य करता रहेगा। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, राजेष चंडोक, हेमराज अग्रवाल, शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, अनूप अग्रवाल, अनिल जैन पाली, प्रदीप विसवारीएवं अखिल चौरसिया ने चेम्बर के इस ''हेल्प डेस्क'' के शुभारंभ समारोह में उपस्थित हो महाकोशल अंचल के आर्थिक विकास में सहयोगी बनने की अपील की है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही, तीन प्रतिष्ठानों से लिये खोवा के नमूने

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने एवं दोषी व्यक्तियों पर कार्यवाही करने चलाये जा रहे अभियान के तहत आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के अमले द्वारा तीन प्रतिष्ठानों से खोवा के नमूने लिये गये तथा इन्हें परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी के अनुसार त्यौहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका के मद्देनजर आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा खोवा मण्डी स्थित सिंघई शीलचंद जैन, पंकज कुमार जैन एवं हरिदास नेमा के प्रतिष्ठानों से खोवा के नमूने जांच हेतु लिये गये है। इसके अलावा शक्ति नगर स्थित राज डेयरी से पनीर का नमूना भी परीक्षण हेतु लिया गया है।

## महाकाली यंत्र पर निर्मित भारत की प्रथम 17 फुट ऊंची माता महाकाली प्रतिमा

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह आज से 30 अक्टूबर तक

**श्री सुधा सागर विहार कॉलोनी पाटन रोड में शुभ शतचंडी महायज्ञ**

**जबलपुर।** श्री सुधा सागर विहार कॉलोनी, आरटीओ दफ्तर के पास पाटन रोड में देश की प्रथम एक पत्थर की,महाकाली यंत्र पर निर्मित 17 फुट ऊंचाई वाली मां महाकाली की प्राण प्रतिष्ठा एवं शुभ शतचंडी महायज्ञ का आयोजन 22 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक किया गया है। श्री सिद्ध महाकाली पीठ के संस्थापक पंडित सुधीर दुबे शास्त्री ,अभिनव सिंह यादव ,ईश्वर सिंह ठाकुर ,राजकुमार रजक एवं रामकिशोर दीक्षित ने मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि 60 फुट ऊंचे मंदिर मे गढाफाटक की वृहत महाकाली के विग्रह स्वरूप की स्थापना की जा रही है, वास्तु पर आधारित इस मंदिर का निर्माण किया गया है, यहां स्थापित हो रही प्रतिमा 22 फिट ऊंचाई, 10 फुट चौड़ाई और 3 फुट गहराई वाले काले पत्थर को जयपुर के समीप सरना डूंगरी ग्राम से तराश कर बनवाई गई है द्य विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार कल 22 अक्टूबर को शोभा यात्रा ,23 अक्टूबर को शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ ,24 अक्टूबर को पुष्पाधिवास, फलाधिवास, औषधियाँ धिवस् , शय्याधिवास ,28 अक्टूबर को पूजन हवन प्राण प्रतिष्ठा, 29 अक्टूबर को पूर्णाहुति एवं कन्या पूजन, 30 अक्टूबर को विशाल भंडारा आयोजित होगा द्य सभी भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## आदर्श नवयुवक कवीर पंथ समिति का शपथ ग्रहण



**जबलपुर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर आदर्श नवयुवक कवीर पंथ समिति द्वारा मदन महल प्रेम नगर जबलपुर में शपथ ग्रहण का समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष रंजीत कुलदीप ने शपथ ली एवं उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सचिव इन्होने भी शपथ ली। शपथ में समिति का विश्वास एवं गोपनीयता बनाये रखने एवं अपने सहयोगी कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बनाकर समिति को नई दिशा की ओर ले जाने की ओर शपथ ली। इस अवसर पर अध्यक्ष रंजीत कुलदीप, उपाध्यक्ष चोखे दास, सचिव श्यामदास, कोषाध्यक्ष सूयश सोनवानी, चन्नू दास बैरागी, दौलत बैरागी, फूलचंद बैरागी, कंचनदास कुलदीप, युधिष्ठिट सोनवानी, महेश बैरागी, इमरतदास, अजीत दास, पूरन दास, गोविंद दास, आदि सभी उपस्थित थे।


## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभाग टीम घोषित

**जबलपुर।** अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जबलपुर संभाग क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जबलपुर की टीम घोषित कर दी गई है। जबलपुर ए टीम के खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं समय जैन अमर शर्मा अजिंक्य मुले चिराग राजपूत आरव शर्मा अमित राजपूत शुभांग पांडे यश यादव धनंजय महोबिया साकेत ठोसर जल ज त्रिपाठी आदित्य मिश्रा अभिषेक भोमा ले। जबलपुर बी टीम इस प्रकार है समर्थ तिवारी ,साहिल खान, प्रियांशु मुखर्जी ,विनायक शर्मा ,यशवर्धन जैन, कार्तिक भूरा, समर्थ पटेल अलंकृत सिंह ,प्रमोद डांगी ,स्वास्थ्य गुप्ता, आर्यन रघुवंशी ,शिवा पटेल ,यश जावलकर। यह सभी खिलाड़ी शाम 5 बजे रानीताल क्रिकेट मैदान पर कोच शशांक कोस्टा से संपर्क करेंगे।

## मध्य प्रदेश की सबसे लंबी सुरंग होगी रीवा-सीधी नई रेल लाइन

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेलवे में नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण कार्य को कोविड की चुनौतियों के बावजूद तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी कड़ी में ललितपुर-सिंगरौली नई रेल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति बहुत तेजी से चल रहा है। गौरतलब है कि रीवा-सीधी नई रेल लाइन परियोजना का निर्माण कार्य पश्चिम मध्य रेल पर चल रहा है। रीवा-सीधी नई रेल लाइन निर्माण कार्य में रीवा और सीधी जिले की सीमा पर छुहिया घाटी को पार करने के लिए सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। रीवा-सीधी के बीच नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत बनने वाले गोविंदगढ़-बगवार स्टेशनों के बीच 3338 मीटर लंबाई की ब्रॉडगेज सिंगल लाइन अंडरग्राउंड रेलवे टनल नंबर 01 का निर्माण किया जा रहा है। यह मध्यप्रदेश की सबसे लंबी रेलवे सुरंग है।

### इस निर्माण कार्य में अब तक इन बिंदुओं पर कार्य किया गया है



निर्माण कार्य शुरू करने से पहले इसकी पूरी डिजाइन सरंचना पर गहन अध्ययन किया गया तथा डिजाइन अनुसार कार्य को अंजाम देने हेतु और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए विख्यात संस्थान मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल को नियुक्त किया गया।। जिला प्रशासन अनुमति के बाद नियंत्रित ब्लास्टिंग का कार्य किया गया। जिससे प्राकृतिक सरंचना की प्रभुत्ता कायम रहे। इस निर्माण कार्य में उत्खनन का कार्य भी अनुमोदित डिजाइन के अनुसार ही पूर्ण किया गया। सुरंग का निर्माण कार्य गोविंदगढ़ (रीवा छोर) और बगवार (सीधी छोर) दोनों छोर से किया गया है। इसमें दोनों छोर से उच्च तकनीक की इंजीनियरिंग मशीन जिससे ड्रिलिंग और टनलिंग का कार्य एक साथ हो का उपयोग कर सुरंग की खुदाई शुरू की गई है। सुरंग में होरिजेंटल रॉक जोड़ों की कठिन चुनौतियों को भी बेहतर तरीके से समाहित कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। सुरंग को स्थिर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से अतिरिक्त रॉक बोल्ट लगाये जा रहे हैं। इस निर्माण कार्य में सभी प्रकार के इंजीनिरिंग मापदंडों एवं भूगोलिक सरंचना के अनुसार प्रत्येक गतिविधियों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे के विकास में नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में पश्चिम मध्य रेल हमेशा अग्रणी रहा है। पमरे द्वारा रीवा-सीधी नई रेल लाइन परियोजना को तेजी से गति प्रदान किया जा रहा है।

## अब एलएचबी डिब्बों के साथ दौड़ेगी संपर्क क्रांति

**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षित एवं अरामदायक यात्रा के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 06249/06250 यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर संपर्कक्रांति एक्सप्रेस स्पेशल की सेवा में विस्तार करने के साथ एलएचबी डिब्बों के रेक से चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 06249 यशवंतपुर-हजरत निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस स्पेशल 27.10.2021 से आगामी सूचना तक यशवंतपुर स्टेशन से तथा गाड़ी संख्या 06250 हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर संपर्कक्रांति एक्सप्रेस स्पेशल 30.10.2021 से आगामी सूचना तक हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से एलएचबी डिब्बों के साथ चलेगी। कोच कंपोजीशन - एलएचबी डिब्बों की इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 06 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 01 पैंट्री कार, 02 पार्सल वान एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 20 डिब्बे रहेंगे। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक विजय प्रकाश ने बताया कि मेक इन इंडिया पहल के तहत तैयार किये गए एलएचबी डिब्बे पारंपरिक (आईसीएफ) डिब्बों की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हल्का होते हैं। इन कोचों की एन्टी क्लाइम्बिंग विशेषताएँ दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें ढेर होने से रोकती हैं। इससे यात्रियों को नुकसान कम होने की संभावना रहती है। नए डिजाइन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद एहसास कराते हैं।

## जबलपुर क्लब ने जाबाली क्लब को 91 रन से हराया

**जबलपुर।** संजीवनी नगर क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में लाल मैदान में आयोजित महाराणा प्रताप स्मृति क्रिकेट प्रतियोगितामें जबलपुर क्लब ने जाबाली क्लब को 91 रन से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर क्लब ने 30 ओवर में 163 रन बनाए। अनुभव ठाकुर ने 62 रन की शानदार पारी खेली। जाबाली की ओर से नवीन ने 4 विकेट लिए। जवाब में जाबाली की टीम 72 रन पर सिमट गई। जबलपुर क्लब से वैदिक तिवारी ने 4 और अनुभव ठाकुर ने 3 विकेट लिए। गुरुवार को हिमालयन एकेडमी एवं संजीवनी एकेडमी के बीच मैच खेला जाएगा।

## स्वास्थ हेतु पोषक अनाज भविष्य की जरुरत - डॉ. भास्कर

### खरपतवार अनुसंधान निदेषालय द्वारा वैज्ञानिक - कृषक परिचर्चा का आयोजन

**जबलपुर।** खरपतवार अनुसंधान निदेषालय, जबलपुर द्वारा वैज्ञानिक - कृषक परिचर्चा का आयोजन ग्राम चौराई, बरगी क्षेत्र में किया गया साथ ही कृषकों के खेतों में निदेषालय द्वारा किये जा रहे अनुसंधान प्रदर्षनों का भ्रमण किया। कार्यक्रम डॉ.सूर्यनारायण भास्कर, सहायक महानिदेषक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर किसानों को कृषि से सबंधित जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया गया, जिससे वे कम खर्च में ज्यादा उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय को बढा सकें। इस कार्यक्रम में लगभग 50 कृषकों ने भाग लिया जिसमें बरगी क्षेत्रों के किसानों के अलावा डॉ.व्ही.पी. सिंह, प्रधानवैज्ञानिक भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ, डॉ.यू.पी.सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय एवं निदेषालय के कृषि वैज्ञानिकों व तकनीकी अधिकारियों की उपस्थिति रही।

#### खरपतवार प्रबंधन तकनीकों को अपनाएं किसान



डॉ.सूर्यनारायण भास्कर, सहायक महानिदेशक ने किसानों का स्वागत करते हुये अपने उद्बोधन में किसानों को खरपतवार अनुसंधान निदेशालय द्वारा विकसित तथा सुझाई गई खरपतवार प्रबंधन तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने 2023 को विश्वव्यापी अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाने तथा उसमें परिषद की भूमिका के बारे में बताया। किसानों को मिलेट के साथ-साथ अन्य फ्सलों के बीज भंडार तैयार करने तथा किसानों की किस्म को संरक्षित करने तथा उच्च गुणवत्ता वाले बीजों को आपस में बांट कर खेती करने को कहा। साथ ही साथ निदेशालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की।निदेशालय के निदेषक डॉ. जे.एस. मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा की खरपतवारों के द्वारा कृषकों को उत्पादन में लगभग 37ः तक का नुकसान होता है। अतः हमें खरपतवार प्रबंधन के विभिन्न आयामों को संसाधनों की उपलब्धता के अनुरूप उपयोग कर उसमें होने वाले नुकसान को कम करना, खेती की लागत में कमी, उपज में वृद्धि कर भारत सरकार की अपेक्षा अनुरूप 2024 तक अपने लाभ को दुगना करना है। अतः हमें हमारे पोषण को ध्यान में रखते हुए संतुलित आहार अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संयोजन मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पी.के. सिंह द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में निदेशालय द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा कि किसान भाई इससे जुड़कर लाभान्वित हो रहे हैं।डॉ.आर.पी.दुबे द्वारा भी अपने अनुभव किसानो से साझा किये, कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. वी.के. चौधरी द्वारा दिया गया।

## वन कर्मियों को आधुनिक हथियार मिलेंगे

**जबलपुर।** मप्र जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने मांग की है कि वन कर्मियों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जहां एक तरफ वन विभाग के कर्मचारियों को घने जंगलों में दिन और रात्रि दोनों समय की ड्यूटी देनी पड़ती है वहीं दूसरी तरफ उन्हें किसी प्रकार की हत्यारों से संबंधित कोई विशेष सुविधा नहीं दी जाती। वहीं दूसरी तरफ जंगलों से लकड़ियों की तस्करी करने वाले तस्करों एवं जंगली जानवरों का शिकार करने वाले अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा अक्सर नए नए कारनामे देखने में आते हैं।

आवश्यकता है
ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।
संपर्क
श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर मालगुजार परिसर के पहले
मो.9977112211
मिलने का समय- दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक
डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।
मो. 9340734722, 8989804354
विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीसी, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस



# बिना अनुमति पेड़ कटवाना पड़ा भारी

## लग सकता है 22 हजार रुपये जुर्माना

**भोपाल।** राजधानी के जोन-17 स्थित प्रीमियम अर्चड कॉलोनी में रहने वाले जोन-आठ में पदस्थ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी (एएचओ) को बिना अनुमति पेड़ों को कटवाना महंगा पड़ गया। मामला सुर्खियों में आने के बाद अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। मंगलवार को इस संदर्भ में एएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं उपायुक्त नगर निगम विशाल सिंह भी मौके पर पहुंचे थे। इधर, 24 घंटे के अंदर एएचओ को नोटिस का जवाब देने के लिए कहा गया है। उचित जवाब न दिए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि दो पेड़ काटने पर करीब 22 हजार रुपये तक के जुर्माने की कार्रवाई की जा सकती है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। बता दें कि अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर जोन आठ में पदस्थ सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ने दो हरे-भरे पेड़ कटवाकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाई। जोन आठ के एएचओ ने अपने घर के सामने लगे दो हरे-भरे पेड़ों को अधीनस्थ कर्मचारियों को भेजकर कटवा दिया था। किसी ने इसका वीडियो बना लिया, जो कि इंटरनेट मीडिया में जमकर वायरल हुआ। जिसके आधार पर वरिष्ठ अफसरों ने इस मामले पर संज्ञान लेकर शोकाज नोटिस जारी किया है। नगर निगम द्वारा पेड़ काटने या छांटने के लिए व्यवस्था बनाई गई है। इसमें उद्यानिकी शाखा प्रभारी से अनुमति लेकर संबंधित क्षेत्र के एएचओ चालान कटवाने के बाद पेड़ काटने का काम करते है। लेकिन इस मामले में संबंधित एएचओ ने किसी अधिकारी को बताना तक उचित नहीं समझा। हैरत तो यह है कि जोन-17 के एएचओ को भी इसकी सूचना नहीं दी गई जिनके अधिकार क्षेत्र में यह क्षेत्र आता है। इतना ही नहीं, उद्यानिकी विभाग में कोई चालानी कार्रवाई इस पेड़ को काटने के लिए नहीं की गई।

# अब वीआईपी रोड से नया फ्लाइओवर बनाएगा एनएचएआई

## हलालपुर से लालघाटी तक प्रस्तावित दूसरा ग्रेड सेपरेटर नहीं बनेगा



**भोपाल।** लालघाटी से मुबारकपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) द्वारा निर्मित फ्लाइओवर की कमियों को जल्द ही दूर कर दिया जाएगा। हलालपुर से लालघाटी तक प्रस्तावित दूसरा ग्रेड सेपरेटर नहीं बनेगा। इसकी जगह अब वीआइपी रोड से एयरपोर्ट तक नया फ्लाइओवर बनाने की योजना है। एनएचएआइ ने हाल ही में लालघाटी से बैरागढ़ जाने के लिए 32 करोड़ रुपये की लागत से ग्रेड सेपरेटर के प्रथम चरण का काम पूरा किया है। यह वन-वे सेपरेटर है। दूसरे चरण में बैरागढ़ से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले मार्ग पर ग्रेड सेपरेटर बनाने का प्रस्ताव था। इसका निर्माण हलालपुर से लालघाटी तक किया जाना था, ताकि बैरागढ़ से कलेक्ट्रेट एवं पुराने शहर तरफ जाने वाले वाहन लालघाटी चौराहे पर बिना रुके सीधे रवाना हो सकें। एनएचएआइ के रीजनल अधिकारी विवेक जायसवाल ने बताया कि दूसरे ग्रेड सेपरेटर का काम संबधित ठेकेदार ने शुरू ही नहीं किया। अब हम उससे भी बेहतर फ्लाइओवर बनाएंगे। हालांकि प्रस्तावित फ्लाइओवर बनने से बैरागढ़ से पुराने शहर जाने वालों को कोई लाभ नहीं होगा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को एनएचएआइ के रीजनल अधिकारी विवेक जायसवाल एवं नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी के साथ लालघाटी से मुबारकपुर तक फ्लाइओवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएचएआइ के रीजनल प्रभारी जायसवाल से एयरपोर्ट के सामने की सड़क को चौड़ा करने को कहा, ताकि भोपाल की सीमा में प्रवेश करते ही नागरिकों को सुखद अनुभव हो। यहां कुछ हिस्से पर अतिक्रमण कर दुकानें बनाई गई हैं। नगर निगम आयुक्त से अतिक्रमण हटाने को कहा।

### आसाराम चौराहे तक चौड़ी सड़क बनेगी

एयरपोर्ट से लालघाटी की ओर जाते समय वाहन चालकों को संकरी सड़क के कारण परेशानी होती है। अब यह सड़क चौड़ी की जाएगी। आसाराम चौराहा तक चौड़ी सड़क बनेगी। सुगम यातायात की दृष्टि से यह एक सौगात होगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनोज उपाध्याय, नगर यंत्री अमृतेश दुबे आदि मौजूद थे। गांधीनगर में नई सब्जी मंडी का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

### किसने रुकवाया काम, दस्तावेज मांगे हैं

ग्रेड सेपरेटर के दूसरे चरण का काम रोक दिया गया है। मैंने एनएचएआइ के अधिकारियों से इसके दस्तावेज देने को कहा है और जानकारी मांगी है कि आखिर किसके कहने पर काम रोका गया। भ्रमण के दौरान आपसी समन्वय से काम करने का कहा, ताकि ट्रैफिक सुधार हो सके।

– रामेश्वर शर्मा, विधायक



# बस संचालन के साथ पर्यटन सुविधाएं देंगे सहकारी महासंघ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर मुहैया कराने का नवाचार किया जा रहा है। इसमें बसों के संचालन के साथ पर्यटकों को सुविधा देने का काम सहकारी महासंघों को सौंपा जा सकता है। इसके लिए शिवराज सरकार नए महासंघ बनाने जा रही है। इसका उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करना है। नए सहकारी महासंघों के पंजीयन सहित उसके स्वरूप की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के लिए सहकारिता विभाग 28 अक्टूबर को विशेषज्ञों के साथ बैठक करने जा रहा है। शिवराज सरकार ने प्रतिमाह एक लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उन क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशी जा रही है, जहां कम निवेश के साथ रोजगार के अधिक से अधिक मौके बनाए जा सकें। इसको लेकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सहकारिता क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ मंथन किया था। इसमें सुझाव दिए गए थे कि महिला स्व-सहायता समूह जैसे अन्य क्षेत्र सहकारी संस्थाओं के लिए तलाशे जाने चाहिए। सहकारिता विभाग ने इसके मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में बसों के संचालन, पर्यटकों को सुविधा देने, विभिन्न् क्षेत्रों में सेवा प्रदाता, खनिज खनन, फल व सब्जी के प्रबंधन से जुड़े क्षेत्र में काम करने के लिए महासंघ बनाने की तैयारी है। प्रदेश में खनिज खनन का काम अभी पूरी तरह से निजी हाथों है। इसमें रोजगार की काफी संभावना है। समितियां बनाकर छोटे स्तर पर काम इन्हें दिलाए जाएंगे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन रोजगार का बड़ा माध्यम बन सकता है। इसके मद्देनजर महासंघ बनाने की तैयारी की गई है। स्थानीय युवाओं की समिति बनाकर उन्हें न सिर्फ बैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा बल्कि परिवहन विभाग से परमिट भी दिलाए जाएंगे। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष, दोनों स्तर पर रोजगार के अवसर बनेंगे। सहकारिता विभाग के संयुक्त पंजीयक अरविंद सिंह सेंगर ने बताया कि आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसकी मंशा ही यही है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर बनें। साथ ही युवा रोजगार मांगने की जगह रोजगार देने वाले बनें। इस दृष्टि से सहकारी समितियों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। केंद्र सरकार की कृषि अधोसंरचना निधि से राशि भी दिलवाए जा रहे हैं।

### दो या तीन स्तरीय होगी व्यवस्था

नए महासंघ दो या तीन स्तरीय होंगे। प्रदेश स्तर पर महासंघ होगा और जिला या संभाग स्तर पर एक समिति और एक प्राथमिक स्तर यानी ग्राम स्तर पर होगी। सहकारिता की भावना के मुताबिक सरकार की भूमिका मार्गदर्शक व संरक्षक की रहेगी। इन्हें स्थापित करने के लिए शासन की विभिन्न् नीतियों में भी परिवर्तन प्रस्तावित किए जाएंगे।

### गांव-गांव तक है साख सहकारी समितियों का नेटवर्क

प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को नेटवर्क गांव-गांव तक है। सरकार इनके माध्यम से खाद-बीज, ऋण वितरण के साथ उपार्जन का काम कराती है। अधिकांश समितियां उचित मूल्य की दुकानों का संचालन भी कर रही हैं। वहीं, दुग्ध सहकारी समितियां भी किसानों की आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम कर रही हैं।

# राजधानी के सभी नालों को चैनलाइज करने के लिए 14 साल में 130 करोड़ रुपये खर्च

**भोपाल।** नगर निगम का दावा है कि शहर के सभी बड़े नालों का चैनलाइजेशन हो चुका है, लेकिन वास्तविकता यह है कि शहर के 789 छोटे-बड़े नालों का चैनलाइजेशन पिछले 14 सालों में 130 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी नहीं हो पाया है। नगर निगम सालाना 20 करोड़ रुपए स्टॉर्म वाटर ड्रेन नेटवर्क डेवलपमेंट और मेंटेनेंस पर खर्च करता है। साथ ही बारिश पूर्व नालों की सफाई में 20 लाख रुपए से ज्यादा खर्च होते हैं। इसके बावजूद शहर में कई जगहों पर अब भी जलभराव की स्थिति बनती है।

इधर, अगर बीते पांच साल की बात करें, तो नगर निगम स्टॉर्म वॉटर नेटवर्क पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च कर चुका है। तीन साल पहले अमृत योजना के तहत 125 करोड़ रुपए की लागत से नाला चैनेलाइजेशन अधूरा काम दोबारा शुरू कराया गया, लेकिन ये भी अब तक पूरा नहीं हो सकता है। बता दें कि शहर में छोटे-बड़े 789 नालों सहित मुख्य पांच नालों के चैनेलाइजेशन प्रोजेक्ट को भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने 26 मई 2006 को मंजूरी दी थी।



अभी की काम अधूरा

योजना के तहत संजय नगर, शाहपुरा, स्लाटर हाउस, पातरा व साउथ टीटी नगर के सात हजार 250 मीटर लंबे नालों का चैनेलाइजेशन 30 करोड़ 57 लाख रुपए की लागत से कराया जाना था। बड़े नालों का चैनेलाइजेशन करने के बाद इनमें छोटे नालों को कनेक्ट किया जाना था। चैनेलाइजेशन के तहत नालों की कांक्रीट लाइनिंग के जरिए डिजाइन इंबेकमैंट निर्माण शुरू हुआ, लेकिन 14 साल बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है।

### अमृत योजना 125 करोड़ से 15 नालों का निर्माण

अमृत योजना के तहत कुल 225 करोड़ रुपए की लागत से नालों का निर्माण कर उनका चैनेलाइजेशन किया जाना है। निगम ने पहले चरण में विभिन्ना कॉलोनियों के 15 से अधिक नाले नालियों को अमृत योजना में शामिल किया है। ये वह नाले हैं जिनकी वजह से जलभराव की समस्या होती है।अमृत प्रोजेक्ट के सभी काम तेजी से चल रहे हैं।

नाला चैनेलाइजेशन के साथ ही रिटेनिग वाल उठाने का काम भी तेजी से चल रहा है। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। इसके लिए वरिष्ठ अफसरों ने विगत दिनों दौरा भी किया था।

**केवीएस चौधरी कोलसानी,**
**आयुक्त, नगर निगम**

# भेल टाउनशिप की नहीं बनीं सड़कें

## ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर गुजरते वाहनों की वजह से दिनभर उड़ती रहती धूल

**भोपाल।** भेल टाउनशिप की सड़कें बदहाल हो गई हैं। सड़कों से डामर पूरी तरह गायब हो गया है। मुख्यमार्गों से लेकर भीतरी सड़कों पर आवाजाही करना दूभर हो रहा है। ऊबड़-खाबड़ सड़कों पर गुजरते वाहनों की वजह से दिनभर धूल उड़ती रहती है। बदहाल सड़कों से लगभग सवा लाख आबादी प्रभावित हो रही है। आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भेल दशहरा मैदान से आइटीआइ पहुंच मार्ग, अन्ना नगर से महात्मा गांधी चौराहा, पिपलानी, बरखेड़ा के मुख्य मार्ग बदहाल हैं।

सड़कों पर 10 से 15 फीट लंबे और आधा फुट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे वाहन चालकों की परेशानी बढ़ जाती है। बारिश बंद होने के बाद इन बदहाल सड़कों पर रोज धूल के गुबार उड़ रहे हैं। इससे आने-जाने लोग परेशान होते हैं। बदहाल सड़कों की मरम्मत कराने के लिए भेल यूनियनों सहित आवाजाही करने वाले लोग कई बार भेल प्रबंधन के अधिकारियों से लेकर भेल नगर प्रशासन के अफसरों से शिकायत कर चुके हैं। इसके बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं हो सकी।

भेल टाउनिशप की 25 हजार आबादी है और यहां की सड़कों से रोजाना भेल टाउनशिप से लगी कई कॉलोनियों की एक लाख आबादी आना-जाना करती है। बदहाल सड़क होने से सवा लाख की आबादी रोजाना परेशान होती है। इस संबंध में भेल के वरिष्ठ प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि भेल टाउनशिप की सड़कों पर शहर के अन्य लोग भी आना-जाना करते हैं। राज्य शासन या भोपाल नगर निगम मदद करे तो भेल प्रबंधन सड़कों की मरम्मत कराना शुरू कर दें। भेल के पास फिलहाल सभी सड़कों की मरम्मत कराने के लिए बजट नहीं है।

# फीडबैक– 13.95 लाख बिजली उपभोक्ता शिकायत निवारण से संतुष्ट




**भोपाल ।** मध्य प्रदेश के ताप विद्युत संयंत्र कोयला संकट के दौर से भले ही गुजर रहे हों, पर मैदानी व्यवस्थाएं बनाने और शिकायतों का निराकरण तेजी से करने का दावा ऊर्जा विभाग कर रहा है। विभाग का दावा है कि 98.67 लाख उपभोक्ता की शिकायतों का निराकरण कर दिया गया है। यह स्थिति शिकायतकर्ताओं से लिए फीडबैक के आधार पर सामने आई है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मुताबिक शिकायतों के निराकरण की औसत अवधि भी कम हुई है। यह अवधि पिछले साल एक घंटा 31 मिनट थी, जो अब एक घंटा 16 मिनट रह गई है। केंद्रीयकृत काल सेंटर, इंटरनेट मीडिया और अन्य माध्यमों से अप्रैल 2020 से सितंबर 2021 तक विभाग को 48 लाख 45 हजार शिकायतें मिली हैं। इनमें से 13 लाख 95 हजार शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लिया गया है। चर्चा में इन उपभोक्ताओं ने शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग की ओर से किए गए प्रयासों की सराहना की है। मंत्री कहते हैं कि विभाग की सेवा से असंतुष्ट उपभोक्ताओं से मैदानी अधिकारी व्यक्तिगत संपर्क कर समस्या का निराकरण कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न् क्षेत्रों में 7,556 शिविर आयोजित कर 53 हजार 830 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया है। इतना ही नहीं, मंत्री और मैदानी अधिकारी सीधे उपभोक्ताओं से चर्चा कर शिकायतों का निराकरण कर रहे हैं। मंत्री ने बताया कि बिजली लाइनों और उपकरणों के रखरखाव के लिए मानक संधारण प्रक्रिया लागू की गई है। इस कारण लाइन और उपकरणों का नियमित रूप से रखरखाव किया जा रहा है। इससे तकनीकी व्यवधान में कमी आई है। पहले साल में दो बार ही रखरखाव किया जाता था। उन्होंने बताया कि 10 किलोवाट से अधिक भार वाले गैर कृषि उपभोक्ताओं के मीटरों की रीडिंग मानवीय हस्तक्षेप के बगैर की जा रही है। इससे बिलों में गलती की आशंका कम हो गई है।

# दीपावली के बाद हो सकती है पदोन्नति




## राज्य प्रशासनिक सेवा से आइएएस और राज्य पुलिस सेवा से आइपीएस संवर्ग में पदोन्ति दीपावजी के बाद हो सकती है

**भोपाल ।** राज्य प्रशासनिक सेवा से आइएएस और राज्य पुलिस सेवा से आइपीएस संवर्ग में पदोन्ति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक दीपावली के बाद हो सकती है। सामान्य प्रशासन और गृह विभाग के प्रस्तावों को संघ लोक सेवा आयोग के स्तर पर परीक्षण का काम पूरा होगा है। वर्ष 2021 में प्रदेश को पदोन्नति के माध्यम से 18 आइएएस और 11 आइपीएस अधिकारी मिलने हैं। सामान्य प्रशासन आइएएस संवर्ग आवंटन के लिए 1998 और 1999 बैच के राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नाम प्रस्तावित कर चुका है। एक पद के लिए तीन नाम प्रस्तावित किए गए हैं। सेवा अभिलेख के आधार पर विभागीय पदोन्ति समिति की बैठक में इनके नामों पर विचार करके अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस वर्ष 1994 बैच के अधिकारी विवेक सिंह और 1995 बैच के पंकज शर्मा के नाम भी प्रस्तावित किए गए हैं। दोनों के नामों पर पिछले साल जांच प्रचलित होने के कारण विचार नहीं किया गया था। वरिष्ठता के हिसाब से सुधीर कोचर, रानी बाटड, चंद्रशेखर शुक्ला, त्रिभुवन नारायण सिंह, नारायण प्रसाद नामदेव, दिलीप कुमार कापसे, बुद्धेश कुमार वैद्य, जयेंद्र कुमार विजयवत, डॉ.अभय अरविंद बेडेकर, अजय देव, नियाज अहमद खान, मनोज मालवीय, नीतू माथुर, अंजू पवन भदौरिया और जमना भिडे को आइएएस संवर्ग आवंटित हो सकता है। विभाग की प्रमुख सचिव दीप्ति गौड मुखर्जी का कहना है कि हमारी ओर से सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब बस विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की तारीख का इंतजार है। इसी तरह राज्य पुलिस सेवा के 11 अधिकारियों को आइपीएस संवर्ग मिलना है। इसके लिए गृह विभाग ने 1995-96 बैच के अधिकारियों के नाम प्रस्तावित किए हैं। इनमें प्रकाश चंद्र परिहार, निश्चल झारिया, रसना ठाकुर, संतोष कोरी, जगदीश डाबर, मनोहर सिंह मंडलोई, रामजी श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह पवार, सुनील तिवारी, संजीव कुमार सिन्हा और संजीव कुमार कंचन को आइपीएस संवर्ग मिलने की संभावना है।

# फीवर क्लीनिकों में 40 फीसदी मरीजों की संख्या घटी

## अब सता रहा डेंगू का डर- डेंगू के तीन मरीज मिले

**भोपाल।** लोगों में अब कोरोना का डर कम हो गया है। यही वजह है कि पहले के मुकाबले अब कम लोग जांच कराने के लिए फीवर क्लीनिकों में पहुंच रहे हैं। 10 दिन तक पहले तक शहर के 47 फीवर क्लीनिकों में हर दिन औसतन 1600 लोग जांच कराने के लिए पहुंच रहे थे, लेकिन अब यह आंकड़ा एक हजार से नीचे है। जिले में बुधवार को कोरोना के 5300 सैंपल की जांच में सिर्फ तीन मरीज मिले हैं। करीब 20 दिन बाद ऐसी स्थिति बनी है जब सिर्फ तीन मरीज मिले हैं। अभी तक रोज चार- पांच मरीज मिल रहे थे। सैंपलों की संख्या भी कम हुई है। करीब 10 दिन पहले तक छह हजार सैंपल की जांच हर दिन की जा रही थी, लेकिन अब करीब पांच हजार



सैंपल ही जांचें जा रहे हैं। इनमें 800 सैंपल की जांच फीवर क्लीनिक में हो रही है। बाकी सैंपल रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर औचक सैंपलिंग कर लिए जा रहे हैं। इसमें करीब आधे सैंपल आरटी-पीसीआर और उतने ही रैपिड किट से लिए जा रहे हैं।

### डेंगू के तीन मरीज मिले

उधर, भोपाल शहर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को शहर में डेंगू के तीन नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही इस साल डेंगू मरीजों की संख्या 498 हो गई है। गुरुवार को मरीजों की संख्या पांच सौ से ऊपर हो सकती है। इस साल मिले मरीजों में 112 अकेले अक्टूबर में मिले हैं। हालांकि अच्छी बात यह है कि अब डेंगू के संदिग्ध मरीजों की संख्या भी कम हुई है। बुधवार को सिर्फ 10 सैंपल की जांच में तीन मरीज मिले हैं। सितंबर में संदिग्धों का आंकड़ा 100 से ऊपर तक पहुंच गया था। इसमें 15 से 20 फीसद तक पॉजिटिव मिल रहे थे। पिछले साल जिलें में जनवरी से लेकर दिसंबर के बीच डेंगू के सिर्फ 74 मरीज मिले थे, इस लिहाज से इस साल मरीजों की संख्या ज्यादा है।

# रेलवे कर्मचारी के साथ ऑनलाइन एक लाख की ठगी

**भोपाल।** एक हजार वॉट की इस्त्री के चक्कर में रेलवे के एक कर्मचारी को एक लाख रुपये का चूना लग गया। फरियादी ने ऑनलाइन सामान मंगाया, जो उसकी चाहत के मुताबिक नहीं आया। उसने सामान की डिलीवरी न लेते हुए पैसे वापस पाने के लिए कस्टमर केयर पर संपर्क किया, तो सामने वाले व्यक्ति ने उससे बातों में उलझाकर उससे ठगी कर ली। वहीं तलैया में एक युवती को व्हाट्सएप पर महंगा मोबाइल कम दाम में बेचने का मैसेज भेजकर उससे करीब 27 हजार रुपए जालसाज ने ठग लिए। पुलिस ने दोनों मामलों में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बजरिया पुलिस के अनुसार सुनील वाजपेयी इंडस स्टेट करारिया फार्म में परिवार सहित रहते हैं और रेलवे में नौकरी करते हैं। उन्होंने एक ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर जाकर एक हजार वॉट की इस्त्री का ऑर्डर दिया। इसके लिए उन्होंने ऑनलाइन भुगतान भी कर दिया। लेकिन कंपनी ने उन्हें 1000 के बजाय 750 वॉट की इस्त्री भेज दी।

# 24 घंटे में दो गोदामों के टूटे ताले

## चार लाख का माल समेटकर चोर फरार

**भोपाल ।**पुलिस की सक्रियता के तमाम दावों के बीच राजधानी में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। आलम यह है कि रोजाना आधा दर्जन चोरी की एफआइआर हो रही हैं। हाल ही में ऐशबाग और अशोका गार्डन के गोदामों में चोरी के दो मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। ऐशबाग के ओल्ड सुभाष नगर में स्थित एक गोदाम का ताला तोड़कर चोर 180 पावर बैंक, पांच कूलर समेत 2.70 लाख की सामान समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। एएसआई लाल बहादुर मिश्रा के अनुसार 60 वर्षीय शशि भूषण शाह ओल्ड सुभाष नगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि उनकी मेहता मार्केट में दुकान है। दुकान का गोदाम सुभाष नगर विश्राम घाट के पास जूनियर एमआइजी में है। शशि भूषण ने बताया कि गोदाम में वह सामान रखा गया है, जिसकी अभी दुकान में जरूरत नहीं थी। साथ ही स्वास्थ्य खराब होने के कारण करीब एक महीने से वह गोदाम पर नहीं गए थे। गत महीने की 16 तारीख को वह गोदाम आखिरी बार गए थे। मंगलवार सुबह जब वह गोदाम पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि गोदाम में रखे पांच कूलर और मार्डन कंपनी के दस हजार एमएएच की 180 पावर बैंक गायब थे। उन्होंने घटना की शिकायत ऐशबाग पुलिस को की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। गोदाम के ताले तोड़कर सवा लाख का सामान चोरी –इधर, अशोका गार्डन के आद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री के ताले तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपितों ने फैक्ट्री से सवा लाख कीमत का सेनेटरी का सामान चोरी किया है। पुलिस को पीड़ित व्यापारी ने दो संदेहियों के नाम बताए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है।

### पंचायत भवन जर्जर, कहां चले गांव की संसद

# ग्राम स्वराज का सपना नहीं हो पा रहा साकार

**सिहोरा। ग्रामीण विकास की पहली इकाई ग्रामसभा का आयोजन जर्जर एवं खंण्डर भवनों में हो रहा है। गांव के समग्र विकास के लिए ग्राम प्रधान तथा चयनित वार्ड सदस्य गांव के नागरिकों के साथ मिल बैठ कर गांव के विकास की रूपरेखा तैयार करते हैं कार्ययोजना बनाते हैं।**

सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन बनवाए थे ताकि यहां खुली बैठकों का आयोजन हो सके। सिहोरा विकास खंड की ग्राम पंचायतों में भी कई पंचायत भवन बनाए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर बने पंचायत भवन की स्थिति वर्तमान समय में बद से बदतर है।अनेक पंचायत भवनों की हालत ऐसी है कि खिड़की, रोशनदान टूट चुके हैं, भवन जर्जर होने लगे हैं, फर्श टूट चुके हैं। प्लास्टर उखड़ रहे हैं। न तो बिजली, पंखा का पता है न ही पानी की टोटी और हैंडपंप है। ऐसे में ग्राम पंचायतों की खुली बैठक पेड़ की छांव में अथवा टेंट लगाकर होती है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि एक-एक ग्राम पंचायत अधिकारियों के जिम्मे आधा दर्जन से अधिक ग्राम सभाओं की जिम्मेदारियां जिसके चलते ग्राम पंचायत की खुली बैठक उनके बस्ते तक ही सिमट कर रह गई है। बानगी के तौर पर सिहोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत अगरिया पंचायत भवन की हालत इतनी जर्जर है कि यहां बैठक हो पाना संभव ही नहीं है। भवन की सुध न तो ग्राम पंचायत अधिकारियों को है और न ही आला अधिकारियों को।

### ग्राम पंचायत अगरिया का मामला




**25 साल पुराना है पंचायत भवन**

*ग्राम पंचायत अगरिया का भवन 7/2/1996 को बना था ।उक्त भवन काफी जिर्ण शीर्ण हालत में है तथा दीवार भी बहुत कमजोर हो गई है एंव उसकी आयु को देखते हुए शासन ने जर्जर घोषित कर दिया है इंजिनियर एंव अन्य अधिकारी अनेको बार निरीक्षण ़तो कर चुके है पर हुआ कुछ नही। लगता है शासन को किसी दुघर्टना का इंतजार है ।*

### बरसात मे बैठने तक की व्यवस्था नही

सिहोरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत अगरिया मे सरपंच के अलावा 20 पंच है ग्राम में निवासरत मतदाता 3128 एवं जनसंख्या लगभग 4800 है जिसके लिए ग्राम विकास की योजना बनाने एवं ग्राम स्वराज का सपना साकार करने ग्राम के पास उपयुक्त भवन तक नहीं है। वर्तमान पंचायत भवन के हालात यह है कि वहां पर बारिस होने में इतना पानी रिसता है की कोई बैठ नही सकता है और वह कभी भी भरभरा कर गिर सकता है नये भवन के लिए बगल में पडी शासकीय भूमि को चिन्हित कर पंचायत भवन स्वीकृत करने पंचायत ने शासन प्रशासन से अनेकों बार पत्राचार करने के बाद भी ग्राम पंचायत को पंचायत भवन की सौगात नसीब नहीं हो पा रही।

### अनेक पंचायतों में बन चुके है भवन

सिहोरा जनपद के अन्तर्गत अनेक ऐसी छोटी छोटी पंचायतें है जिनमे उनका खुद का आलीशान नवीन भवन बन चुका है लेकिन इस बडी पंचायत के भवन निमार्ण के लिए शासन और जनपद के अधिकारियों द्वारा आज तक कोई रूचि क्यो नही ली गई यह समझ से परे है।

## श्रीश्री नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा देवी गीतों का आयोजन

**अमलाई।** अंचल के जाने-माने लोकप्रिय भजन गायक बृजकिशोर बावरा के सानिध्य में मेरठ व दिल्ली से आए हुए कलाकारों द्वारा आज शाम माता रानी के जगराते का आयोजन स्थानीय कॉमेटी श्री श्री नव दुर्गा उत्सव समिति गांधी नगर सोडा फैक्ट्री अमलाई मे किया जाएगा आयोजन समिति के अनिल अग्रवाल टीटू ने बताया कि कलाकारों द्वारा माता रानी के जगराते के साथ-साथ जीवंत झांकियों की मनमोहक प्रस्तुति भी दी जावेगी वही समिति के विश्वनाथ काहार ने भक्तजनों से कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है समिति के ही विवेक पांडे व छोटे गुप्ता ने बताया कि मां के जगराते मे पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंडाल में बैठने की समुचित व्यवस्था पेयजल व्यवस्था एवं मास्क सेनीटाइजर्स भी पंडाल में अनिवार्य रूप से रखा गया है व साथ ही मातृशक्ति के बैठने के लिए सम्मानजनक स्थान तय किया गया है।



*पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम कुंडम टीआई प्रताप सिंह मरकाम को ज्ञापन सौंपा गया*

## विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कुंडम।** कुंडम नगर में चल समारोह में गोपी कछवाहा को चाकू मारने वाले अपराधियों को पकड़ कर जेल भेजने कार्रवाई को लेकर आज दुर्गा मंदिर रंगमंच में समाज एवं कुंडम के गुस्साए लोगों ने हजारों की संख्या में बैठक रखी चाकू मारने वाले ग्राम सदाफल के शिवा ठाकुर पिता प्रभात ठाकुर अंशुल विश्वकर्मा पिता मनोज विश्वकर्मा मोहित सोनी पिता गोविंद सोनी इनको पकड़कर कार्रवाई करने को लेकर समस्त गुस्साए लोगों ने रैली निकालकर विधायक एवं पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम कुंडम टी आई को ज्ञापन सौंपा गया और कहा गया कि 3 दिन के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो धरना जन आंदोलन एवं कुंडम थाना का घेराव किया जाएगा ज्ञापन सौंपते समय कछवाहा समाज के वरिष्ठ अखिल भारतीय महासंघ प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ कछवाहा जनजागृति समिति के अध्यक्ष वृंदावन वर्मा कछवाहा युवा संघ के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा कुंडम के संतोष मिश्रा राधेश्याम साहू संदीप साहू भवानी साहू सरपंच गुलाब बर्मन रामस्वरूप कछवाहा रतन कछवाहा संदीप कछवाहा अंशु जयसवाल अंकुश पटेल विवेक जयसवाल नीरज राय अमित साहू एवं कुंडम के अनेक गुस्साए युवा साथी उपस्थित रहे.



## ब्राह्मण समाज महिला मंडल की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** ब्राह्मण समाज सिहोरा महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी की एक बैठक का आयोजन महिला मंडल अध्यक्ष धर्मशीला दुबे की अध्यक्षता में ब्राह्मण समाज भवन में किया गया जिसमे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के बाद बैठक का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष श्रीमती दुबे ने कहा की समाज के विकास में जहां नारी की अहम भूमिका रही वहीं आज नारी किसी से पीछे नही है वे हर क्षेत्र में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है और देश के विकास में अपना योगदान दे रही है। नारी के स्वाभिमान की रक्षा करने के साथ समाज के उत्थान के लिए समस्त पदाधिकारियों द्वारा संकल्प लिया गया तथा आगामी समय में महिला मंडल द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में भी विस्त्रित चर्चा की । सभी पदाधिकारियों ने भगवान के भजन का भी आयोजन किया । समस्त महिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गये । इस अवसर पर मिथलेश खम्परिया ,सुधा उपाध्याय, निलिमा दुबे,स्मिता कुररिया, निधीलक्ष्मी तिवारी, माधुरी शुक्ला, सुमन शुक्ला, कामना मिश्रा, सरोज पाठक,पुष्पा परौहा, वर्षा परौहा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थी ।

## अजमीढ़ देव जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी

गोटेगांव। नगर में स्वर्णकार समाज के प्रवर्तक महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी महाराज की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई जिसमें समाज के समस्त वरिष्ठ जनो ने अपने, अपने वक्तव्य रखे और समाज की उन्नति के लिए समाज को आगे बढ़ाने के लिए कहा इस मौके पर स्वण?कार समाज के वरिष्ठ सदस्य वीरसेन सोनी, गोविन्द सोनी, एडवोकेट अनिल सोनी कनछेदी लाल सोनी, गेंदालाल सोनी, मदन गोपाल सोनी, राम प्रसाद सोनी, संतोष सोनी (लोंग वाले), राजू सोनी, अशोक सोनी, विष्णु सोनी, नीरज सोनी, मुकेश सोनी, नारायणन सोनी, किशोर सोनी, शरद सोनी, संतोष सोनी (शिक्षक), शैलेन्द्र सोनी, मुरारीलाल सोनी, अशोक सोनी, अमित सोनी, शुभमं सोनी, अभिषेक, रोहित, अजय सोनी, महेश सोनी, अंचल सोनी आदि शामिल हुए और कोरोना काल में दिवंगत हुए समाज के लोगो को बन्धुओं को श्रध्दांजलि अर्पित की। और इस मौके पर सभी लोग का धन्यवाद स्वर्णकार समाज के नवयुवक सजल सोनी ने समाज के सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## शिक्षक अध्यापक संघ की बैठक आयोजित



**सिहोरा।** सिहोरा विकासखंड के पंडित विष्णु दत्त उत्कृष्ट विद्यालय में विकास खंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय एवं योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ की द्वितीय बैठक का आयोजन जिला योग प्रभारी धर्मशीला दुबे के नेतृत्व में किया गया द्य जिसमें मुख्य रूप से जिला स्तरीय या विकासखंड स्तरीय वार्षिक योग पत्रिका का शुभारंभ करने के साथ बच्चों को आध्यात्म से जोडऩे के लिए महीने में एक बार धर्म शास्त्र ग्रंथों पर चर्चा एवं मासिक बैठक का आयोजन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की एवं इनके क्रियान्वयन के लिए प्रतिज्ञाबद्ध हुए बैठक में जबलपुर के योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ के जिला संरक्षक धर्मेश चतुर्वेदी का सहयोग प्राप्त हुआ।

## राजकुमार गुप्ता अध्यक्ष बने



**सिहोरा-** विगत दिनो गहोई धर्मशाला में सपंन्न हुए गहोई समाज के चुनाव में राजकुमार गुप्ता को निर्विरोध गहोई समाज का अध्यक्ष चुना गया ।

## राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं भारतीय पर्व

### अनूपपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन संपन्न

**अनूपपुर।** भारतीय सनातन धर्म के पर्व राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। चैत्र मास का नूतन संवत्सर, गुरु पूर्णिमा, वीर शिवाजी का हिन्दू राज्याभिषेक, रक्षा बंधन, विजयादशमी एवं मकर संक्रांति 6 प्रमुख पर्व हैं। जिनके माध्यम से देश सांस्कृतिक रुप से एक सूत्र में बंध जाता है। 20 अक्टूबर, बुधवार को जिला मुख्यालय में अनूपपुर नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्ण गणवेशधारी, अनुशासित स्वयंसेवकों का पथ संचलन संपन्न हुआ। जिसके पश्चात संघ कार्यालय परिसर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्यवक्ता वाल्मीकि तिवारी ने उपरोक्त विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने अपने सार गर्भित उद्बोधन में कहा कि कोई राष्ट्र केवल शास्त्र से बलशाली नहीं होता। राष्ट्र को ताकतवर बनाने के लिये शस्त्र धारण करना आवश्यक है। शस्त्रों का उपयोग कब, कहां, क्यों करना है, इसके लिये शास्त्रों से तर्क सम्मत निर्णय क्षमता हमें प्राप्त होती है। यही कारण है कि सनातन धर्म में शस्त्र और शास्त्र दोनों का समान महत्व है। हमारे सभी देवी देवताओं ने समय आने पर दुष्टों के संहार के लिये शस्त्र धारण किया है। शस्त्र हमें मजबूत बनाते हैं। यदि आप मजबूत हैं तो समाज भी साथ खडा होता है। आज भारत मजबूत है, तो दुनिया भर के ब? देश साथ खडे दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि शक्ति से हममें समाज के कल्याण का भाव आता है। नव रात्रि के नौ दिन की उपासना से शक्ति की प्राप्ति होती है। विजयादशमी का पावन पर्व दसों दिशाओं से विजय की सूचना का पर्व है। इसी दिन आद्य सरसंघ चालक परमपूज्य डा हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की गयी थी।

विजयादशमी के उपलक्ष्य पर अनूपपुर नगर के स्वयंसेवकों ने बुधवार की सुबह संघ कार्यालय से पथ संचलन का आयोजन किया। कोरोना के कारण संघ के स्वयंसेवकों की भौतिक गतिविधियां सिर्फ कोरोना प्रभावितों की सेवा तक ही सीमित थीं। दो वर्ष बाद नगर में गणवेशधारी अनुशासित स्वयंसेवकों का यह पहला पथ संचलन था। जिला प्रचारक नीतेश जी के मार्ग दर्शन में स्वयंसेवकों ने संघ कार्यालय से इंदिरा चौक, शंकर मन्दिर चौराहा, सांई मन्दिर चौक, रेलवे फाटक, बिहारी कालोनी होकर पथ संचलन किया। यह वापस संघ कार्यालय पहुंच कर पूर्ण हुआ। इस आयोजन में नगर संघ चालक विवेक बियाणी, रामलाल रौतेल, मनोज द्विवेदी, राजेन्द्र तिवारी, दुर्गेश जी, पुष्पेन्द्र मिश्रा, राकेश अग्रवाल के साथ अन्य स्वयंसेवकों ने आयोजन में हिस्सा लिया।

## राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के कमलेश तिवारी बने जिलाध्यक्ष

अनूपपुर। कई वर्षों से लगातार आम जन मानस गरीब, असहाय का विभिन्न प्रकार से सेवा कर युवा समाज को प्रेरणा प्रदान करने वाले जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती निवासी कमलेश तिवारी पिंटू को राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर के द्वारा राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी के संरक्षक इंद्रेश कुमार व राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सेंगर के निर्देशन में मध्यप्रदेश के गौरक्षा अध्यक्ष यशपाल सिसौदिया की सहमति से राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ अनूपपुर जिले से मनोनीत 16 अक्टूबर को कमलेश कुमार तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी वार्ड 13 पुरानी बस्ती को अनूपपुर जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है वही संघ द्वारा उम्मीद किया गया है कि पिंटू के मनोनयन से राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ मध्यप्रदेश और अधिक मजबूत व संगठित हो सकेगा। श्री तिवारी के प्रयासों से जिले में सुचारू एवं संघर्षशील कार्यकर्ता संगठन से जु?गें तथा संगठन के सिद्धांत व नीतियों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे मनोनीत पत्र में उल्लेखनीय शब्दावली के आधार पर यह कार्यकाल एक साल के निर्धारित अवधि का होगा। गौरक्षा सेवा संघ के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने मनोनीत किए गए कमलेश तिवारी को शुभकामना देते हुए संगठन के विस्तार हेतु 30 दिन के अंदर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री को सूचित करना अनिवार्य कहा गया है। ज्ञातव्य है कि युवा संघर्षशील कर्मठ समाजसेवी कमलेश उर्फ पिंटू के जिलाध्यक्ष बनने से निश्चित रूप से गौरक्षा के प्रति अधिक से अधिक संख्या में युवा वर्ग जु?कर काम करेगा और आने वाले दिनों में उसका परिणाम जिले के ग्रामीण क्षेत्र से लेकर देशभर में अलग तरह से देखने को मिलेगा।

# पुलिस रिकार्ड में नहीं दर्ज होते किरायेदार

**अनूपपुर। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिले में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिये मुसाफिरी दर्ज करने का निर्देश है, जिसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों, नौकरी पेश लोगों के अलावा किरायेदारों के नाम मुसाफिरी में दर्ज किये जायें लेकिन जिले में बाहर से आकर निवास करने वाले लोगों की जानकारी मुसाफिर के तहत पुलिस के रिकार्ड में जहां सत्यापित नहीं हो रहें है वहीं बाहरी लोगों को किराये से कमरा देने वाले मकान मालिकों द्वारा भी किरायेदारों की पूरी जानकारी संबंधित थानों में दर्ज नहीं कराया जा रहा है।**



### जिले मे आपराधिक घटनाओं का लगातार बढ रहा ग्राफ

### आपराधिक गतिविधियों की संभावना

जिले से बाहर से आने वाले लोग पुलिस रिकार्ड में सत्यापित नहीं है, जबकि सभी थाना क्षेत्रों में अन्य राज्यों व पडोसी जिलों से आकर हजारों की संख्या में लोग निवास कर रहे हैं लेकिन पुलिस रिकार्ड में इन मुसाफिर का नाम, पता दर्ज नहीं है। इस ओर जहां पुलिस महकमा उदासीन है वहीं बाहरी लोगों को किराये के रूप में भवन देने वाले मकान मालिक भी किरायेदारों के डाटा बेसिक जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराना उचित नहीं समझ रहे। जिससे जिले में आपराधिक गतिविधियां होने की संभावना प्रबल होती है।

**नागरिक व पुलिस दोनों उदासीन, पुलिस को होना होगा गंभीर**

### अवैध कब्जा धारियों पर भी रहे नजर

अनूपपुर जिले के अमलाई, विवेक नगर, जमुना कॉलरी राजनगर रामनगर, आदि स्थानों में कॉलरी आवासीय कालोनियां स्थित है जहां की अवैध कब्जा धारियों की भरमार हैद्य यदि पुलिस प्रशासन कॉलरी प्रबंधन के कार्मिक विभाग से सहयोग लेते हुए अवैध कब्जा धारियों को चिन्हित करें तो कई अवैध कारोबारियों के नाम भी सामने आ सकते हैं जिनके कारण कॉलरी क्षेत्र का माहौल भी दूषित हो रहा हैद्य

### पुलिस और नागरिक दोनों उदासीन

इस काम में पुलिस और आम नागरिक दोनों उदासीन है जबकि जिले में स्थित सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत कई हजार लोग ऐसे है जो दूसरे प्रांतों या फिर प?ोसी जिलों से आकर व्यवसाय व विभिन्न संस्थाओं में नौकरी से जु?कर निवास कर रहें है इस स्थिति में इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि बाहरी किराये दारों की इस भी? में असामाजिक एवं गंभीर अपराध से जु? लोग न हो। वहीं मुसाफिरी दर्ज न होने की स्थिति में जब कभी आपराधिक घटनाएं होती है तो पुलिस को संबंधित व्यक्ति की खोज में हाथ पैर पटकना प?ता है।

### पुलिस को होना होगा गंभीर

मुसाफिरी दर्ज न होने की स्थिति में जब कभी अपराधिक घटनाएं होती है तो पुलिस को संबंधित व्यक्ति की खोज में हाथ-पैर पटकना प?ता है काफी प्रयास के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस सफल हो पाती है हलाकि ऐसे कई अपराध है जिनमें लिप्त आरोपियों की खोज पुलिस आज भी नहीं कर पायी है, बहरहाल सुरक्षा व्यवस्था बनी रहें इसके लिये मुसाफिर सत्यापन के मामले में पुलिस को गंभीर होने की जरूरत है।

## पुलिस स्मृति दिवस पर अनूपपुर पुलिस आज करेगी विशाल रक्तदान शिविर

**अनूपपुर।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक अनूपपुर अखिल पटेल की विशेष पहल पर जिला चिकित्सालय अनूपपुर में आज सुबह 10ः30 से 16 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के अलावा पुलिस परिवार एवं ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्यों के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा समस्त आमजन एवं पत्रकार बंधुओं से अपील की गई है कि अत्यधिक संख्या में इस रक्तदान षिविर में भाग लें एवं अपने संपर्क में आने वाले व्यक्तियों एवं सहयोगी, समाजसेवी संस्थाओं को भी रक्तदान शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान शिविर का प्रारम्भ जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनूपपुर रत्नेश कुमार सिंह बिसेन एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री सोनिया मीणा की उपस्थिति में सुबह 10ः30 बजे किया जाएगा।

## कुचिपुडी और कथक की नृत्य शैली देख मंत्रमुग्ध हुए श्रोता


### शरद महोत्सव के पूर्व संध्या पर हुआ आयोजन

**अनूपपुर।** अईगिरी नंदनी नंदिता मेदिहनी विश्व विनोदनी, नन्दनऊटे गिरीवर विन्ध्य सरोधनी वासिनी विष्णु विलासनी जिस्नेनुऊटे जया जया हे महिषासुर मर्दिनी जैसी अलग-अलग शास्त्रीय नृत्य कुचिपुडी की सरल, सहज की प्रस्तुति के साथ कोलकाता निवासी प्रख्यात कुचिपुडी कलाकारा अयाना मुखर्जी ने कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति से शुरूआत की। उन्होंने अपने नृत्य और विभिन्न नृत्य मुद्राओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद व रजा फाउण्डेशन एवं प्रणाम मध्यप्रदेश द्वारा पर्यटन, कला एवं संस्कृति को प्रोत्साहित करने सैयद हैदर रजा जनशताब्दी वर्ष अंतर्गत जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उमावि के प्रांगण में 19 अक्टूबर की शाम शरद महोत्सव की पूर्व संध्या पर भारतीय शास्त्रीय नृत्य संध्या का आयोजन रखा गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश भू-भास्कर यादव, पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हर्षल पंचोली, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एस.डी.एम. अनूपपुर कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर विजय डेहरिया, महिला बाल विकास विभाग की सहायक संचालक मंजूषा शर्मा सहित इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकारगण व भारतीय संस्कृति के संवाहक श्रोतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ अमित श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रख्यात कुचिपुडी नृत्यांगना कोलकाता निवासी अयाना मुखर्जी ने 16 वर्ष की उम्र से कुचिपुडी नृत्य का प्रषिक्षण प्रारंभ कर दिया था। उन्होंने रवीन्द्र भारती विष्वविद्यालय कोलकाता से स्नातक की प?ाई पूरी की है। अपने गुरू जयराम राव और वन श्री राव के साथ एवं एकल कलाकार के रूप में उन्होंने अनेकों राष्ट्रीय और अर्न्तराष्ट्रीय मंचों से अपनी प्रस्तुति दी है। वह पिछले कई बरसों से भारत के स्कूलों और कालेजों में कुचिपुडी कला के बारे में जागरूकता की मुहिम भी चला रही है।

कुचिपुडी नृत्यांगना अयाना मुखर्जी द्वारा चार विधाओं में अपने नृत्य की प्रस्तुति दी। थाली की धार पर ख? होकर प्रस्तुत नृत्य मुद्राओं की कला की दर्शकों द्वारा करतल ध्वनि से प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में युगल कथक कलाकार मानसी शर्मा, इशिता लाल ने राजराजेश्वरी अष्टकम, रानी रूपमति एवं बाज बहादुर की कथा, मीरा भजन और मोक्ष की मुद्राओं को व्यक्त करते हुए युगल नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। मनोहारी प्रस्तुति से दर्शक कार्यक्रम स्थल पर ठहरे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य हमारे भारत की प्रसिद्ध नृत्य शैली है। उन्होंने कहा कि नृत्य मानवीय अभिव्यक्तियों का एक रसमय प्रदर्शन व सार्वभौम कला है, जिसका जन्म मानव जीवन के साथ हुआ है। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि दक्षिण भारत में कुचिपुडी व उत्तर भारत में शास्त्रीय नृत्य की प्रसिद्धि है। उन्होंने कहा कि पर्यटन, कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन जरूरी है।

## दूसरी तिमाही में शक्ति पंप्स का शुद्ध लाभ 36 प्रतिशत बढ़ा

**इंदौर।** शक्ति पम्प्स ;इंडिया लिमिटेड ने बिक्री में लगातार वृद्धि के साथ सितंबर 2021 को समाप्त दूसरी तिमाही में प्रभावशाली परिणाम दर्ज किया है। शक्ति पम्प्स ने 30 सितंबरए 2021 को समाप्त तिमाही पर 369.77 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध राजस्व दर्ज कियाए जबकि क्यू 1 एफवाय 21 में यह 157.56 करोड़ रुपये था। इसका अर्थ 135ः फीसदी की खासी बढ़ोतरी होता है।शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड का ्र 30 सितंबर 2021 को समाप्त अवधि के लिए 20.78 करोड़ रुपये रहाए जबकि 30 जूनए 2021 को समाप्त अवधि के लिए 7.29 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ में 1.85 गुना की वृद्धि दर्ज की गई।शक्ति पंप्स इंडिया लिमिटेड का फ2थ्22 समेकित चाज् 30 सितंबरए 2021 को समाप्त अवधि के लिए 20.78 करोड़ रुपये रहाए जबकि 30 जूनए 2021 को समाप्त अवधि के लिए 7.29 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ थाए इस तरह 1.85 गुना की वृद्धि दर्ज की गई।परिणामों पर टिप्पणी करते हुए शक्ति पम्प्स इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दिनेश पाटीदारने कहा द्र श्हमें खुशी है कि हम चालू वित्त वर्ष 2021.22 के लिए अपने लक्षित विकास को जारी रखने में सफल हुए हैंए क्योंकि व्यावसायिक परिस्थितियाँ अनुकूल हो रही हैं। वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही का यह परिणामए निश्चित रूप से उत्साहजनक है।कृषि क्षेत्र सौर ऊर्जा की तरफ तेजी से स्थानांतरित हो रहा है। कई राज्य सरकारों और केंद्र सरकार की ;कुसुमद्ध योजना ने मुख्य रूप से सौर पंपों के पक्ष में जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। इस बढ़ी हुई जागरूकता के साथ.साथ खरीद प्रोत्साहन में आसानी ने हमारे घरेलू सौर पंप बाजार को बढ़ाया है और पिछ्ले कुछ वर्षों से पंपों की मांग जारी है। श्री पाटीदार ने आगे कहा शक्ति पंप देश में सौर पंपों की समग्र स्थापना में अग्रणी है। हम केंद्र सरकार द्वारा लगाए गए 50.000 और राज्यों द्वारा 6500 सौर पंपों में से 20.000 पहले ही स्थापित कर चुके हैं। हम अभी भी सरकार की कुसुम योजना की विशाल क्षमता का लाभ उठाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। योजना के दूसरे चरण में 400.000 पम्पस लगने का लक्ष्य है जिनमें से हमारी योजना लगभग 100.000 पंप स्थापित करने की है।






# टीम इंडिया का नया कप्तान वर्ल्डकप के बाद रोहित शर्मा

## टीम इंडिया का नया कप्तान वर्ल्डकप के बाद रोहित शर्मा ही होंगे भारतीय टी-20 टीम के नए कप्तान, बीसीसीआई अधिकारी ने की पुष्टि





टी-20 वर्ल्डकप 2021 के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ रहे हैं। रोहित शर्मा उनकी जगह भारतीय टी-20 टीम के नए कप्तान बनाए जाएंगे। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है। रोहित फिलहाल भारत की वनडे और टी-20 टीम के उपकप्तान हैं और भारत की कप्तानी करते हुए उनका रिकॉर्ड भी काफी बेहतर है। रोहित ने अपनी कप्तानी में मुंबई को पांच बार आईपीएल का खिताब जिताया है। इसके अलावा उन्होंने निधास कप में भी भारत को विजेता बनाया था। इस सीरीज में विराट कोहली नहीं खेल रहे थे और रोहित को पूरी त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारत का कप्तान बनाया गया था। विराट ने जब टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया था तब से ही रोहित का नाम कप्तानी की रेस में सबसे आगे चल रहा था। अब इस बात की पुष्टि भी हो चुकी है। इनसाइड स्पोर्ट्स की खबर के अनुसार टी-20 वर्ल्डकप के बाद आधिकारिक तौर पर रोहित को भारतीय टी-20 टीम का नया कप्तान नियुक्त किया जाएगा।

### वर्कलोड कम करने के लिए कप्तानी छोड़ रहे हैं विराट

भारतीय कप्तान विराट कोहली पहले ही अपना इस्तीफा बीसीसीआई के अधिकारियों को सौंप चुके हैं। सोशल मीडिया पर टी-20 की कप्तानी छोड़ने का ऐलान करते हुए विराट ने बताया था कि वो कई सालों से भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में खेल रहे हैं और पिछले कुछ सालों से तीनों फॉर्मेट में कप्तानी भी कर रहे हैं। उनके ऊपर वर्कलोड काफी ज्यादा है। ऐसे में वनडे और टेस्ट की कप्तानी में ध्यान देने के लिए वो टी-20 की कप्तानी छोड़ रहे हैं और एक बल्लेबाज के रूप में टी-20 क्रिकेट खेलते रहेंगे। एक कप्तान के तौर पर कोहली के लिए टी-20 वर्ल्डकप 2021 काफी मुश्किल होने वाला था, क्योंकि उन्होंने अपनी कप्तानी कोई भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है और फैंस को धोनी की कमी खल रही है।

### सालों बाद टीम इंडिया में होंगे दो कप्तान

2017 के बाद पहली बार टीम इंडिया में दो कप्तान होंगे, जो एक दूसरे की कप्तानी में अलग-अलग फॉर्मेट खेलेंगे। इससे पहले 2014 से 2017 तक भारतीय टीम में दो कप्तान थे। धोनी ने 2014 में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और विराट कोहली टीम के नए कप्तान बने थे। वहीं धोनी वनडे और टी-20 में बतौर कप्तान खेल रहे थे। इसके बाद कोहली ने 2017 से तीनों फॉर्मेट में भारत की कप्तानी की है। अब कोहली के टी-20 कप्तानी छोड़ने के बाद रोहित और कोहली भारत के दो अलग-अलग कप्तान होंगे। विराट ने 45 टी-20 मैचों में भारत की कप्तानी की है और 27 मैच जीते हैं।

### कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड है शानदार

कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने 19 मैचों में भारत की कप्तानी की है और 15 मैच जीते हैं। वहीं आईपीएल में उन्होंने अपनी टीम को 59.68 फीसदी मैच जिताए हैं। वो एकमात्र कप्तान हैं जिनके नाम पांच आईपीएल ट्रॉफी हैं। भारत की कप्तानी करते हुए रोहित ने बल्लेबाज को रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अपनी कप्तानी में 41.88 के औसत से 712 रन बनाए हैं और इस दौरान दो शतक और पांच अर्धशतक भी लगाए हैं। रोहित को कप्तान बनाए जाने के साथ ही बीसीसीआई द्रविड़ को हेड कोच बनाने का एलान भी करेगी।

# क्या होगा विराट का जवाब

## हाथ में कैमरा लेकर कोहली के साथ माइंड गेम खेल रहे हैं बाबर आजम?





भारत के खिलाफ मैच से पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को कैमरे के साथ देखा गया। इसको लेकर सोशल मीडिया में फैंस के बीच बहस शुरू हो गई है और कुछ लोग इसे बाबर का माइंड गेम बता रहे हैं।

टी-20 वर्ल्डकप 2021 में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच 24 अक्तूबर को खेला जाएगा, लेकिन इससे पहले ही फैंस के बीच सोशल मीडिया पर जंग शुरु हो चुकी है। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि वो पाकिस्तान के खिलाफ मैच को एक साधारण मैच की तरह देख रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच कभी भी साधारण नहीं होता है। इस बीच मैच से पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को कैमरे के साथ देखा गया। फैंस का मानना है कि इस कैमरे के जरिए बाबर विराट के साथ माइंड गेम खेल रहे हैं। रवि शास्त्री से पहले कुंबले टीम इंडिया के कोच थे, लेकिन उन्होंने 2017 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस समय उन्होंने कहा था कि उन्हें हैरानी है कि विराट को उनके तौर तरीके पसंद नहीं हैं। अनिल कुंबले को अक्सर कैमरे के साथ देखा जाता था और बाबर आजम कैमरे के जरिए इसी घटना की तरफ कोहली का ध्यान लाना चाहते हैं और वर्ल्डकप की तैयारियों से उनका ध्यान भटकाना चाहते हैं। अब यह देखना होगा कि बाबर की इस हरकत का जवाब कोहली कैसे देते हैं।

### कोहली और बाबर के रिकॉर्ड गिना रहे फैंस

विराट कोहली और बाबर आजम के फैंस दोनों खिलाड़ियों को बेहतर बताने की कोशिश में लगे हुए हैं। विराट के फैंस जहां उनके रिकॉर्ड दिखा रहे हैं तो बाबर के फैंस उनकी मौजूदा फॉर्म की दुहाई दे रहे हैं। आंकड़ों की बात करें तो टी-20 में विराट ने 84 पारियों में 52.65 के औसत से 3,159 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 139.04 का रहा है और उनके बल्ले से 28 अर्धशतक निकले हैं। वहीं बाबर आजम ने 56 पारियों में 46.89 के औसत से 2,204 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 130.64 का रहा है और उनके बल्ले से 20 अर्धशतक के साथ एक शतक भी निकला है।

### बाबर आजम से बेहतर फिनिशर हैं कोहली

विराट कोहली रनों का पीछा करने में माहिर हैं और एक बार सेट होने के बाद काफी तेजी से रन बनाते हैं। उन्होंने अंतिम ओवरों में भी भारत के लिए शानदार बल्लेबाजी की है। बाबर आजम के डेब्यू के बाद कोहली ने अंतिम पांच ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए 30 पारियों में 61.69 के औसत से 802 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 192.79 का रहा है। वहीं बाबर इस सूची में 12वें स्थान पर हैं। उन्होंने अंतिप पांच ओवरों में 28 मैचों में बल्लेबाजी की है और 19.63 के औसत से 373 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी सिर्फ 152.87 का रहा है।



# सुपर-12 में पहुंचने के बावजूद क्यों परेशान हैं श्रीलंकाई कप्तान शनाका?



श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मैच में आयरलैंड को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में श्रीलंका ने 70 रनों से धमाकेदार जीत दर्ज की। यह मुकाबला जीतकर भले ही श्रीलंका की टीम सुपर-12 में पहुंच गई हो लेकिन कप्तान दासुन शनाका अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। उन्होंने शीर्ष क्रम बल्लेबाजी को लेकर चिंता जताई है।

### सुपर-12 में पहुंचने वाली श्रीलंका पहली टीम

श्रीलंका टी-20 विश्व कप के सुपर-12 में पहुंचने वाली पहली टीम है। इस टीम ने अब तक अपने दोनों अपने क्वालीफाई मुकाबले जीते हैं। टीम की इस सफलता के बावजूद कप्तान दासुन शनाका खुश नहीं हैं। वह टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी को लेकर काफी चिंतित हैं। आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा खाता भी नहीं खोल पाए। उन्हें पॉल स्टर्लिंग ने आउट किया। इससे बाद दिनेश चांडीमल 6 और अविष्का फर्नांडो बगैर के ई रन बनाए आउट हुए।

### टॉप ऑर्डर बल्लेबाजी चिंताजनक

प्रजेंटेशन सेरमनी के दौरान टीम के कप्तान दासुन शनाका ने कहा, हम थोड़े चिंतित थे शीर्ष क्रम हमारे लिए चिंताजनक रहा है, विश्व कप से पहले हमारे पास हसरंगा को ऊपरी क्रम में भेजने की योजना थी। वानेंदु हसरंगा ने इस मुकाबले में शानदार 71 रनों की पारी खेली। जिसके चलते 2014 के विजेता श्रलींका ने 171 रन बनाए। इसके बाद महेश दीक्षाना की जादुई गेंदों का आगे आयरलैंड की टीम सिर्फ 101 रनों पर ढेर हो गई।

### फील्डिंग पर भी जताई चिंता

मैच के बाद बातचीत के दौरान कप्तान दासुन शनाका ने टीम की फील्डिंग पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हमें शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी के अलावा फील्डिंग में सुधार करने करने की जरूरत है। कप्तान के मुताबिक, टीम में तेज गेंदबाजी को होना काफी अच्छा है, वे एकदम सटीक गेंदबाजी करते हैं, जिसका श्रेय कोच को जाता है, हमें शीर्ष क्रम में और अपने क्षेत्ररक्षण में भी सुधार करने की जरूरत है।

# मेरे चाकू का नाम वीरू है

## डेल स्टेन ने मजेदार अंदाज में सहवाग को विश किया बर्थडे, बोले- मेरे चाकू का नाम वीरू है



टीम इंडिया के पूर्व ओपनर वीरेन्द्र सहवाग 43 साल के हो चुके हैं। उनके जन्मदिन पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने मजेदार अंदाज में शुभकामनाएं दी हैं। स्टेन ने सहवाग की एक फोटो शेयर की है, जिसमें वो ऑफ स्टंप के बाहर की एक गेंद को कट करते हुए दिख रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लिखा कि उनके घर में सबसे तेज चाकू का नाम वीरू है क्योंकि वह सब कुछ काट देता है। स्टेन सहवाग के कट शॉट की तारीफ कर रहे थे, क्योंकि सहवाग ऑफ स्टंप के बाहर की हर गेंद पर आसानी से कट शॉट खेलते थे। उनका अपर कट शॉट भी काफी लोकप्रिय था। डेल स्टेन के अलावा वसीम जाफर, भारतीय क्रिकेट बोर्ड और चेन्नई सुपरकिंग्स टीम ने भी सहवाग को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इनके अलावा भी क्रिकेट जगत की कई बड़ी हस्तियों ने सहवाग को बर्थडे विश किया है।

### भारत के विस्फोटक ओपनर रहे हैं सहवाग

वीरेन्द्र सहवाग ने भारत के लिए 104 टेस्ट मैच में 8,586 रन बनाए हैं, उन्होंने 49.34 के औसत से बल्लेबाजी की है। 251 वनडे में भी उनके नाम 8,273 रन हैं। सहवाग ने भारत के लिए 19 टी-20 मैच खेले हैं और 394 रन बनाए हैं। वीरू साल 2007 में टी-20 वर्ल्डकप और 2011 में वनडे वर्ल्डकप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे। सहवाग ने आईपीएल में भी 104 मैच खेलकर 2,728 रन बनाए हैं। दिल्ली और पंजाब के लिए उन्होंने कई बेहतरीन पारियां खेली हैं, लेकिन कभी भी अपनी टीम को खिताब नहीं जिता सके। वो भारत के एकमात्र बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में दो तिहरे शतक लगाए हैं। इसके अलावा वो सचिन के बाद दूसरे खिलाड़ी थी, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया था।

### सहवाग से खौफ खाते थे तेज गेंदबाज

सहवाग विस्फोटक ओपनर के तौर पर अपनी पहचान रखते थे। ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों पर और बाउंसर गेंदों पर भी सहवाग शानदार कट शॉट और अपर कट लगाते थे। उन्होंने स्टेन और शोएब अख्तर जैसे गेंदबाजों के खिलाफ काफी रन बटोरे थे। इसी वजह से स्टेन ने उनके कट शॉट की तारीफ करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। सहवाग ने अपने करियर की शुरुआत एक मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में की थी, लेकिन आगे चलकर उन्होंने पारी की शुरुआत की और इसी नंबर पर खूब रन बनाए।





## आदिमजाति विभाग के रिटायर्ड क्षेत्रीय संचालक के यहां ईओडब्ल्यू का छापा

# जबलपुर-मंडला में मिली अकूत संपत्ति

**जबलपुर यशभारत। जबलपुर आर्थिक अपराध ब्यूरो ने रिटायर्ड आदिमजाति विभाग क्षेत्रीय संचालक नागेंद्र यादव के तिलहरी स्थित मकान , मंडला और भोपाल में एक साथ छापा मारा है । नागेंद्र यादव के खिलाफ ईओडब्ल्यू को प्रारंभिक आंकलन में 85 लाख रुपए की अतिरिक्त आय मिली है । जबलपुर , मंडला व भोपाल में चार मकान मिले हैं ।**

ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक नागेंद्र यादव की भर्ती आदिवासी विभाग में पद से हुई थी । आरोपी ने अपनी जुगाड़ से

### फिर भी रहता था किराए के मकान में

मंडला जनपद पंचायत के आदिमजाति विभाग क्षेत्रीय संचालक का प्रभार संभाल रहे थे । अब वे रिटायर हो चुके हैं । पिछले 10 सालों में आरोपी ने अकूत संपत्ति बनाई है । उनकी अकूत संपत्ति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पूरी नौकरी में 11 लाख रुपए कमाने वाले नागेंद्र यादव के पास प्रारंभिक आंकलन में 97 लाख रुपए की संपत्ति मिली है ।

चार मकान बनवा लिए आय से अधिक मामले में घिरे आरोपी नागेंद्र यादव का मंडला में दो , जबलपुर में एक और भोपाल में एक मकान मिला है । आरोपी ने जबलपुर के तिलहरी स्थित थीम पाकज़् में बड़ा सा मकान बना रखा है । आरोपी को ये मकान बड़ा लग रहा था । इस कारण उसने इस मकान को 40 हजार रुपए में किराए पर देकर खुद 10 हजार रुपए किराए वाले मकान में रह रहा है । जबलपुर , मंडला और भोपाल में टीम पहुंची है । दो बेटियां एक की शादी आरोपी की दो बेटियां हैं । एक की शादी कर चुका है । दूसरी बेटी पीएससी की तैयारी कर रही है , जो आरोपी के साथ ही रहती है । जबलपुर स्थित आरोपी के घर में सचिंग़्र चल रही है । इसके बाद उसे लेकर एक टीम मंडला पहुंचेगी । वहां एक टीम पहले से मौजूद है ।

#### सुबह 6 बजे पहुंची टीम

पीके जैन उपपुलिस अधीक्षक आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो जबलपुर ने बताया कि सुबह 6 बजे मंडला और जबलपुर में एक साथ रिटायडज़् आदिमजाति विभाग संचालक के यहां कारज़्वाई की गई। यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। रिटायर्ड अधिकारी की कहां-कहां संपत्ति इसकी विस्तृत रूप से जांच जारी है।

फोटोः अशोक बर्मन

## अकूत संपत्ति के मालिक का पूरा ब्यौरा

- नागेन्द्र यादव दिनांक 29.01.1990 को आदिम जाति कल्याण विभाग , जिला बालाघाट में मंडल संयोजक के पद पर नियुक्त हुये थे।
- स्थानांतरण पश्चात जिला मंडला में कार्यरत रहे । वे दिनांक 10.02.2005 को पदोन्नति प्राप्त कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी , घुघरी के पद पर पदस्थ हुए।
- मुख्य कायज़्पालन अधिकारी , जनपद पंचायत घुघरी , जिला मंडला का प्रभार सौंपा गया जहां वे दिनांक 25.06.2010 तक कार्यरत रहे एवं तथा तत्पश्चात् उन्हें मुख्य कायज़्पालन अधिकारी , घंसौर जिला सिवनी के लिये कार्यमुक्त किया गया ।
- श्री यादव द्वारा अधिकांश संपत्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर प्रतिनियुक्ति दिनांक 09.03.2005 के बाद अर्जित की गई है ।
- दिनांक 10.02.2005 से दिनांक 25.06.2010 के मध्य एवं उसके पूर्व श्री यादव को वेतन से प्राप्त कुल बचत 11,91,807 / - रु है , जबकि उनके द्वारा कुल 97.30,181 / रू . की संपत्ति अर्जित करना व व्यय करना पाया गया है जो कि आय से 85,38,374 / - रू . अधिक है।

### पत्नी और खुद के नाम पर संपत्ति खरीदी

आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो के उपपुलिस अधीक्षक पीके जैन ने बताया कि आरोपी द्वारा अवैध आय से स्वयं तथा पत्नि के नाम पर संपत्ति क्रय की गई है । अभी तक की जांच में आरोपी के पास महाराजपुर जिला मण्डला में कृषि भूमि । तहसील बिछिया जिला मंडला में कृषि भूमि , महाराजपुर , जिला मण्डला का पुश्तैनी मकान तुड़वाकर बनवाया गया नया मकान। व्यावसायिक प्रयोजन युक्त महाराजपुर जिला मण्डला का 02 मंजिला पक्का मकान । विनायक होम्स अंबेडकर नगर , भोपाल में फ्लैट । तिलहरी , जिला जबलपुर स्थित 02 मंजिला मकान । 01 स्पकार्पियो एवं 01 एक्टिवा वाहन मिला है।



## सर्द ऋतु का आगाज, निकलने लगे गर्म कपड़े

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने पर रात के तापमान में तेजी कमी दर्ज होने लगी है। गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। बुधवार को शहर अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम रहा। साथ ही आज का न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से1 डिग्री कम रहा। हाल ही में उत्तर भारत के पहाड़ों पर भारी बारिश के साथ ही बर्फबारी भी हुई है। जिसका असर दिखने लगा है। दिन व रात के तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। सुबह और रात में ठंड अपना असर दिखाने लगी है। सूर्यास्त के पश्चात चलने वाली उत्तरी ठण्डी हवाएं गर्म कपड़ों की आवश्यकता महसूस कराने लगी हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक अभी मौसम के मिजाज ऐसे ही बने रहेंगे। हवा में नमी प्रातः काल अधिक होने के कारण सूर्योदय होने तक ठण्डका प्रभाव बना रहेगा। शाम जल्दी ढलने लगी है, दिन देर से होता है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से उठा चक्रवात गुजरात के रास्ते निकल गया। जिससे मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने लगा है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार हवा में नमी प्रातकाल 85 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर-पश्चिमी हवाएं 1 से 2 द्विकलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

## मिट्टी खोद रहे मजदूर की मलवे में दबकर मौत

**जबलपुर ,यशभारत** । पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत जटवा ग्राम निवासी 19 वर्षीय एक मजदूर की मिट्टी के मलवे में दबकर मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह मिट्टी खोद रहा था इसी दौरान भरभरा कर उसके ऊपर मिट्टी गिर गई और वह उसमें दब गया। इस घटना की खबर जैसे ही आसपास के लोगों को लगी तो कुछ ही देर में घटनास्थल पर काफी भीड़ जमा हो गई मौजूद लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जटवा ग्राम का रहने वाला 19 वर्षीय मजदूर किशोरी पिता चैन से मल्लाह कटरा बेलखेडा मैं एक मंदिर के पास मिट्टी खोद रहा था इसी दौरान उसके ऊपर मिट्टी गिरने से वह दब गया ग्रामीणों द्वारा उसे निकालने का प्रयास करते हुए पुलिस को सूचना दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए पाटन अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के पास उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

## युवक के प्राइवेट पार्ट पर वार कर किया जख्मी
# दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में बाइक सवार बदमाशों ने बुधवार को रजा चौक में चाय पी रहे दो युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में एक युवक के गुप्तांग में चाकू घोंप दी गई और कई जगह चाकू से वार किए गए हैं।

### हनुमानताल में वारदात सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर हुई संदेहियों की पहचान

उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसका आज ऑपरेशन होगा, जिसके बाद पुलिस युवक के बयान लेगी। वहीं, पुलिस ने वारदात स्थल पर मिले सीसीटीव्ही फुटेज और हासिल जानकारी के बाद दो युवकों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों को दबोचने जगह-जगह छापेमारी कार्रवाई कर रही है। ये आरोपी गाडरवारा, नरसिंहपुर व अन्य जिलों के है।

पुलिस के मुताबिक आनंद नगर निवासी हासिम परवेज और रजा चौक निवासी मोहम्मद तवरेज बुधवार दोपहर में रजा चौक में एक दुकान पर चाय पीने पहुंचे थे।



हासिम फर्नीचर का काम करता है, तो तवरेज फर्नीचर शोरूम में नौकरी करता है। दोनों चाय पी रहे थे । तभी करीब 6 नकाबपोश बदमाश वहां पहुंचे और बिना कोई बात किए परवेज और तवरेज पर चाकू से वार करने लगे। यह देख क्षेत्र में हंगामा हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे।


#### ऑपरेशन के बाद होगी पूछताछ

हनुमानताल टीआई उमेश गोल्हानी के मुताबिक हमले में एक युवक के गुप्तांग में चाकू से वार पर वार किए गए है। अधिक खून बहने से उसकी

### गाडरवारा, गोटेगांव व अन्य जिलों के हैं आरोपी, वारदात को अंजाम देने आए थे जबलपुर

हालत नाजुक बनी हुई है। जिसका आज ऑपरेशन होना है, उसके बाद ही चिकित्सकों की परमीशन के बाद घायल युवक के बयान लिए जाएंगे। प्रारंभिक पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे चाय पी रहे थे, तो एक युवक गाली देते हुए निकला था। उसे रोका तो उसने तीन-चार और साथियों को बुला लिया। आरोपियों में दो पेशेवर अपराधी हैं। पुलिस ने लगभग सभी आरोपियों की पहचान कर ली है, जिनकी धड़पकड़ जारी है।

## प्रतिमा विसर्जन देखने घर से भागा था



# उमाघाट में उतराता मिला शव



### बीमा कंपनी एजेंट के पुत्र की मौत से परिजन बदहवास

जबलपुर, यशभारत। ललपुर में रहने वाले बीमा कंपनी एजेंट पुत्र का शव दो दिन बाद ग्वारीघाट के उमाघाट में उतराते मिला। सूचना पर पहुंची ग्वारीघाट पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाते हुए पीएम के लिए भेजा। ललपुर निवासी पैट्रिक टोट ने बताया कि मंगलवार की शाम 7 बजे 14 वर्षीय पुत्र अर्जुन टोट साइकिल उठाकर महाकाली दर्शन के लिए ग्वारीघाट पहुंचा था। लेकिन देर रात तक वह घर नहीं लौटा उसकी खोजबीन आसपास के लोगों से पूछा परंतु कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिवार और साथियों ने ग्वारीघाट के आसपास के क्षेत्रों में पता किया पर कहीं भी पुत्र नहीं मिलने के बाद ग्वारीघाट थाने में गुमशुदगी की रिपार्ट दर्ज कराई।

#### उमाघाट में सुबह लोगों को नजर आया शव

पैट्रिक टोट ने बताया कि गुरुवार की सुबह उमाघाट में लोगों को पुत्र का शव उतारते नजर आया। सुबह ग्वारीघाट पुलिस के साथ घाट पहुंचा और शव को बाहर निकलवाया और पीएम के लिए मेडिकल भेजा।

#### सबसे होशयार बेटा था अक्की

पिता पैट्रिक टोट ने बताया कि उसके चार पुत्र है मृतक अक्की उर्फ अर्जुन मंझला बेटा है। 14 साल का अर्जुन आठवीं में पढ़ता था घर में सबसे होशयार था। हर काम के लिए अक्की पहले खड़ा रहता था। उसकी साइकिल और कपड़े घाट से कुछ ही दूर में मिले और उसके फिट की बीमारी थी। शायद इसी वजह से वह डूब गया होगा।

### जबलपुर की युवती से कानपुर में रेप
## पुलिस को चकमा दे रहा आरोपी, फिर जाएगी टीम

जबलपुर यशभारत। जबलपुर की एक युवती का कानपुर में दैहिक शोषण करने वाला आरोपी लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है। अब पुलिस उसकी धरपकड़ के लिए दोबारा कानपुर जा रही है। उल्लेखनीय है कि सोशल साइट्स पर प्यार परवान चढ़ने के बाद जबलपुर निवासी युवती प्रेमी से मिलने कानपुर जा पहुंची । वहां प्रेमी ने उसे एक होटल में रोका और शादी का झांसा देकर रेप करता रहा । युवती के साथ आरोपी ने अप्राकृतिक कृत्य भी किया । इसके बाद वह शादी से मुकरते हुए धमकी देकर भगा दिया । युवती ने जबलपुर की महिला थाने में रेप का प्रकरण दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस की टीम आरोपी को तलाशने कानपुर में गई, वहां जगह-जगह छापेमार कार्रवाई की। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। जिसके बाद पुलिस का दल दोबारा कानपुर जाने की तैयारी है। इसके लिए आरोपी की पूरी जानकारी दोबारा जुटाई जा रही है। आरोपी कानपुर का दबंग बताया जाता है। जिसके चलते पुलिस ने इस बार तगड़ी व्यवस्था की है। जानकारी अनुसार 26 वर्षीय युवती फ रियाद लेकर आरोपी के पिता के पास भी पहुंची थी । उसने भी उसे धक्के मारकर भगा दिया । धमकी दी कि दोबारा कानपुर में नजर आई तो वह जान से मार देगा । वहीं युवक ने युवती की आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दी । महिला थाने में रेप , अप्राकृतिक कृत्य , धमकी देने व आईटी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है ।

#### सोशल साइट्स पर हुई थी युवक से दोस्ती

जबलपुर निवासी 26 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया था कि वह एमबीए की पढ़ाई कर रही है । कुछ माह पूर्व सोशल साइट्स पर उसकी दोस्ती गुमती नंबर पांच श्री दुर्गा फूट्स कंपनी कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी अर्चित सलूजा से हुई थी । दोनों ने मोबाइल नंबर का आदान - प्रदान किया और आपस में बात करने लगे । जिसके बाद युवती के साथ यह घटना घटित हुई थी।

# पुताई करने वाले की सड़क हादसे में मौत : काम करके लौट रहा था घर

### रामपुर छापर में तेज रफ्तार बाइक ने मारा था कट



**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल के मांडवा बस्ती जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार बाइक सवार कट मारकर निकल गया। बाइक में कट लगने से युवक की मोटर सायकिल बहक गयी और वह सिर के बल सड़क पर जा गिरा। जिसकी वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। परिजनों को जब इसकी जानकारी लगी तो घटना स्थल पर पहुंचे और उपचार के लिए निजि अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय सौरभ पटैल मदनमहल क्षेत्र में पुताई का काम करता है। रात करीब 8.30 बजे बाइक से मांडवा बस्ती के लिए मदनमहल महल से निकला था। रात में 9 बजे रामपुर छापर रोड पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात मोटर सायकिल चालक ने कट मार दिया। जिसकी वजह से युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी और युवक सिर के बल जमीन पर गिर गया। जिससे उसे हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गयी।

### श्रीमती गीता शुक्ला का निधन



जबलपुर। शिवनगर कालोनी गढ़ा रेलवे क्रासिंग के पास गली नंबर दो निवासी श्रीमती गीता शुक्ला का 62 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व. श्री रविशंकर शुक्ला की धर्मपत्नी और विकास शुक्ला, निशा तिवारी, नीलकमल दुबे की मां थीं। अंतिम यात्रा निज निवास से रानीताल पहुंची जहां अंतिम संस्कार किया गया।

# साहब मेरे बेटे को बचा लो.... पुलिस से गुहार



जबलपुर, यशभारत। साहब मेरे पुत्र के साथ रांझी के बड़ा पत्थर में दुर्गा पंडाल के पास करीब दर्जन भर आरोपियों ने मारपीट कर, हवाई फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस फर्जी काउंटर मामला दर्ज कर रही है। जबकि वह एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीएसपी तुषार सिंह को मामले की जानकारी देते हुए किरण पटैल ने बताया कि उनका तरुण पटैल दशहरा घूमने गया था तभी निक्की गुप्ता व साथियों ने उसपर रंजिशन हमला कर दिया। पुलिस ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नाशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )